वर्ष : 33 ▸ अंक : 182 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 17 सितंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# जयकारों के साथ आज विदा होंगे बप्पा

महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाया जाने वाला 10 दिवसीय गणपति महोत्सव विसर्जन के साथ खत्म होने जा रहा है। 17 सितंबर को भगवान गणेश को विसर्जित कर दिया जाएगा जिसके बाद अगले साल वह फिर से गणेश चतुर्थी के दिन लोगों के घरों में आएंगे। महाराष्ट्र समेत पूरे भारत में मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी के त्योहार में आखिरी दिन विसर्जन का होता है जहां लोग बप्पा को नदी या समुद्र में विसर्जित करते हैं।

## चप्पे -चप्पे पर पुलिस तैनात

मुंबई में मंगलवार को होने वाले गणेश विसर्जन के लिए पुलिस और परिवहन विभाग पूरी तरह से तैयार है। शहर में गणपति मंडलों से विसर्जन स्थल तक सुरक्षा को मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने सोमवार को बताया कि गिरगांव चौपाटी, जुहू चौपाटी, मढ़ और अन्य चौपाटी पर तैयारियां की गई हैं। इन गणेश विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा का जायजा लेने के लिए 9 अपर पुलिस आयुक्त, 40 डीसीपी, 56 एसीपी रैंक के अधिकारी तैनात किए गए हैं। इनके सहयोग के लिए 20 हजार से ज्यादा पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए 10,000 एसआरपीएफ जवानों को भी तैनात किया गया है। मुंबई में विसर्जन स्थलों पर मुंबई नगर निगम ने भी बेहतर तैयारी की है।





## 20,500 पुलिस कांस्टेबल और कई अधिकारी तैनात

सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि महिला सुरक्षा मुंबई पुलिस के लिए प्राथमिकता है। फिलहाल हमने अंडरकवर पुलिस, कंट्रोल रूम और निर्भया स्क्वाड के जरिए इसकी व्यवस्था की है। चौधरी ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर मुंबई नगर निगम और एलएनटी के माध्यम से कुछ स्थानों पर कैमरे लगाए हैं और उसी के अनुसार निगरानी की जाएगी। 20,500 पुलिस कांस्टेबल और कई अधिकारी तैनात रहेंगे। सत्यनारायण चौधरी ने भी अपील की कि भीड़ होगी इसलिए अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें।

## परिवहन विभाग के 2500 अधिकारी व कर्मचारी तैनात

संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात अनिल कुंभारे ने बताया कि गणेश विसर्जन के मद्देनजर परिवहन विभाग के 2500 अधिकारी व कर्मचारी तैनात किये गए हैं। हमने डिजिटल माध्यम से अलग-अलग रूटों की जानकारी दी है। लोगों को तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए। यह ग्रीन कॉरिडोर ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, फ्रीवे और मेट्रो जंक्शन से कोस्टल रोड और सी लिंक तक होगा। मुंबई नगरनिगम ने हमारे अनुरोध पर तटीय सड़क 24 घंटे खुली रखने का निर्णय लिया है।

## गणेश विसर्जन मंत्र

1. ॐ यान्तु देवगणा: सर्वे पूजामादाय मामकीम्,
इष्टकामसमृद्धयर्थं पुनर्अपि पुनरागमनाय च॥

2. गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ स्वस्थाने परमेश्वर,
मम पूजा गृहीत्मेवां पुनरागमनाय च।।

## गणेश विसर्जन मुहूर्त

गणेश विसर्जन इस साल 17 सितंबर 2024 को है। चतुर्दशी तिथि 16 सितंबर 2024 को दोपहर 03 बजकर 10 मिनट से शुरू होगी और अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर 2024 को सुबह 11 बजकर 44 मिनट तक रहेगी।

## गणेश विसर्जन के शुभ चौघड़िया मुहूर्त

गणेश विसर्जन का सुबह के समय शुभ मुहूर्त 17 सितंबर 2024 को सुबह 08 बजकर 38 मिनट से दोपहर 01 बजकर 13 मिनट तक रहेगा। दोपहर का शुभ मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 44 मिनट से शाम 04 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। शाम के समय का शुभ मुहूर्त रात 07 बजकर 16 मिनट से रात 08 बजकर 44 मिनट तक रहेगा।

# बप्पा की विदाई के लिए बीएमसी भी तैयार

**बीएमसी के लगभग 12 हजार अधिकारी-कर्मचारी 71 नियंत्रण कक्ष और विभिन्न अन्य सुविधाओं से सुसज्जित हैं। परिमंडल-2 के उपायुक्त एवं गणेशोत्सव समन्वयक प्रशांत सपकाले ने बताया है कि इस वर्ष गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए 69 प्राकृतिक स्थलों के साथ-साथ 204 कृत्रिम विसर्जन तालाब भी बनाए गए हैं।**

## चौपाटी पर तैनात रहेंगे 761 लाइफ गार्ड

मुंबई में घरेलू और सार्वजनिक गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी पिछले दो महीने से चल रही है। चौपाटी के किनारों पर 478 स्टील प्लेट की व्यवस्था की गई है और छोटी गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर 43 जर्मन राफ्ट की भी व्यवस्था की गई है, ताकि गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए आने वाले वाहन चौपाटी और रेत में न फंस जाए और प्रतिमाओं का विसर्जन सुचारू रूप से होता रहे। उपायुक्त प्रशांत सपकाले ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से चौपाटी पर 761 लाइफ गार्ड के साथ 48 मोटर बोट तैनात किए गए हैं। गणेश प्रतिमा के विसर्जन से पहले भक्तों द्वारा चढ़ाए गए माला, फूल आदि को इकट्ठा करने के लिए 163 निर्माल्य कलश सहित 274 निर्माल्य वाहन उपलब्ध कराए गए हैं।

## 67 एंबुलेंस के साथ 75 प्राथमिक चिकित्सा केंद्र

स्वास्थ्य विभाग की ओर से 75 प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों के साथ 67 एंबुलेंस भी तैयार रखी गई हैं। प्रभावी प्रकाश योजना के लिए 'बेस्ट' के सहयोग से खंभों और ऊंचे स्थानों पर लगभग 1,097 फ्लड लाइट और 27 सर्च लाइट लगाए गए हैं। विसर्जन के दौरान आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए 127 मोबाइल शौचालय तैयार रखे गए हैं। वहीं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की सुसज्जित गाड़ियों के साथ प्रशिक्षित जनशक्ति को तैनात किया गया है।

## सुरक्षा के लिए 66 ऑब्जर्वेशन टावर

बीएमसी के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच उचित समन्वय के लिए मुख्य नियंत्रण कक्ष सहित प्रशासनिक विभागों के स्तर पर 192 नियंत्रण कक्ष संचालित किए गए हैं। सुरक्षा के लिए 66 ऑब्जर्वेशन टावर बनाए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर 72 स्वागत कक्ष तैयार किए गए हैं।

## मुंबई में ये सड़कें बंद



- 17 सितंबर 2024 को कोलाबा में, नाथालाल पारेख मार्ग, कैप्टन प्रकाश पेठे मार्ग और रामभाऊ सालगांवकर मार्ग वाहनों के लिए बंद रहेंगे।
- साथ ही सीएसएमटी रेलवे स्टेशन के बाहर, महापालिका मार्ग पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- कालबादेवी में, जेएसएस रोड, विट्ठलभाई पटेल रोड, बाबा साहेब जयकर रोड, राजा राम मोहन रॉय रोड, कैसवासजी पटेल टैंक रोड, संत सेना मार्ग, नानूभाई देसाई रोड और सरदार वल्लभभाई पटेल रोड बंद रहेंगे।
- वर्ली में, वर्ली नाका पर डॉ एनी बेसेंट रोड और एनएम जोशी मार्ग, जहाँ से लालबागचा राजा का जुलूस गुजरेगा, यातायात के लिए बंद रहेगा।
- दादर में सिद्धिविनायक मंदिर के आसपास स्वातंत्र्यवीर सावरकर मार्ग बंद रहेगा।
- दहानुकर वाडी विसर्जन कुंड में मूर्ति विसर्जन के कारण कांदिवली में दामू अन्ना दाते मार्ग पर वाहन प्रतिबंध लगाए जाएंगे।
- बोरीवली में डॉन बॉस्को जंक्शन के पास एलटी रोड से बोरीवली जेट्टी रोड तक वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

## सूचना



सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभिचंतकों को सूचित किया जाता है कि आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में **दो बजे दोपहर** का कार्यालय बंद रहेगा। इसलिए रविवार, 8 सितंबर का अंक प्रकाशित नहीं होगा। सोमवार 9 सितंबर का अंक प्रकाशित होगा।
- संपादक

## नितेश राणे पर FIR

**मुंबई।** गणेश पंडालों में नेता दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा हैं। ऐसे एक कार्यक्रम में भाजपा विधायक नितेश राणे ने भाषण दिया। भाषण के कुछ अंशों को लेकर उन पर आरोप लगाया गया कि राणे ने अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया।

**सौगात :** प्रधानमंत्री ने 5 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों तथा देश की पहली 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# महाराष्ट्र को तीन वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात, पहली वंदे मेट्रो को भी हरी झंडी

**धीरज सिंह । अहमदाबाद/मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने गुजरात दौरे के दौरान भुज और अहमदाबाद के बीच देश की पहली 'वंदे मेट्रो' ट्रेन के साथ-साथ कई अन्य वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और गांधीधाम-आदीपुर रेल लाइन के चौहरीकरण तथा सामाख्याली-गांधीधाम रेल लाइन के चौहरीकरण की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने 5 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा वाराणसी एवं नई दिल्ली के बीच भारत की पहली 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।



## अहमदाबाद में लगभग 1600 करोड़ रुपए की लागत वाली रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला

प्रधानमंत्री ने सोमवार को अहमदाबाद में लगभग 1600 करोड़ रुपए की लागत वाली रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने विभिन्न गंतव्यों के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों तथा भुज एवं अहमदाबाद के बीच नमो भारत रैपिड रेल को भी हरी झंडी दिखाई। नमो भारत रैपिड रेल के उद्घाटन के स्वागत के लिए मार्ग के स्टेशनों यानी भुज, अंजार, गांधीधाम, भचाऊ, सामाख्याली, हलवद, ध्रांगध्रा, विरमगाम, चांदलोडिया, साबरमती और अहमदाबाद स्टेश्नों पर स्थानीय समारोह आयोजित किए गए। इन स्टेशनों पर उपस्थित गणमान्य लोगों में माननीय सांसद, विधायक और स्थानीय जन प्रतिनिधि शामिल थे। इस कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों को भी नई नमो भारत रैपिड रेल के शुभारम्भ समारोह को देखने और उसमें यात्रा करने का सुनहरा अवसर मिला।

## महाराष्ट्र को 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद से वीडियो लिंक के माध्यम से तीन नयी ट्रेन को हरी झंडी दिखायी जिसके बाद महाराष्ट्र में चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की कुल संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि नयी ट्रेन नागपुर-सिकंदराबाद, कोल्हापुर-पुणे और पुणे-हुबली मार्गों पर चलाई जाएंगी। पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे द्वारा अबतक महाराष्ट्र में विभिन्न मार्गों पर आठ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जा रही थीं।

### कोल्हापुर-पुणे-कोल्हापुर वंदे भारत एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक होगी

ट्रेन संख्या 20673 कोल्हापुर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) 19 सितंबर से प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को कोल्हापुर से 08.15 बजे रवाना होगी और उसी दिन 13.30 बजे पुणे पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 20674 पुणे-कोल्हापुर वंदे भारत एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) 18 सितंबर से प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को पुणे से 14.15 बजे रवाना होगी और उसी दिन 19.40 बजे कोल्हापुर पहुंचेगी।

### पुणे-हुब्बल्लि -पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 20670 पुणे-हुब्बल्लि वंदे भारत एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) 19 सितंबर से प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को पुणे से 14.15 बजे रवाना होगी और उसी दिन 22.45 बजे हुब्बल्लि पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 20669 हुब्बल्लि -पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) 18 सितंबर से प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को हुबली से 05.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 13.30 बजे पुणे पहुंचेगी।

### नागपुर-सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

ट्रेन संख्या 20101 नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 19 सितंबर से सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़कर) नागपुर से सुबह 05.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 12.15 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 20102 सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 19 सितंबर से सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़कर) सिकंदराबाद से दोपहर 13.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 20.20 बजे नागपुर पहुंचेगी।

# बेटी ने मां को उतारा मौत के घाट

## 10 लाख रुपए में दी हत्या की सुपारी

**दोपहर संवाददाता | रायगढ़**

रायगढ़ ज़िले पनवेल में रहने वाली एक लड़की ने ही अपनी मां को मारने की साजिश रची और कामयाब हो गई, इस दिल दहलाने वाली इस घटना का पर्दाफाश पनवेल शहर पुलिस किया। इस मामले में पुलिस ने साजिशकर्ता लड़की और हत्या करने वाले 2 युवकों की गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृत महिला का नाम प्रिया नाईक है, जिसकी हत्या की साजिश उसकी बेटी बेटी प्रणाली नाईक ने रचकर विवेक पाटिल और विशाल पांडे की मदद से अपनी मां को मौत के घाट उतारा। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



### बाहर निकलने और फोन पर बात करने पर पाबंदी

पुलिस ने बताया कि प्रणाली शादीशुदा है और उसकी एक 5 साल की बेटी है, पति से अनबन के कारण वह 2 साल से पनवेल में रहने आई थी। इस बीच उसकी मां प्रिया ने उसके बाहर निकलने और फोन पर बात करने पर पाबंदी लगा दी थी। अगर वह बाहर जाती थी, तो उसकी मां उसे लगातार फोन करती थी, उसका मोबाइल चेक करती थी, मां की बंदिशों की वजह से वह परेशान थी। पुलिस ने बताया कि इस बीच आरोपी विवेक पाटिल ने प्रणाली को अपनी बहन मान लिया। विवेक को पैसों की जरूरत थी, तो उसने उससे पैसों की मांग की। प्रणाली भी अपनी मां की बंदिशों से छुटकारा पाना चाहती है, इसलिए अपनी मां को मारने के लिए वह विवेक को 10 लाख देने को तैयार हो गई। विवेक ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया, क्योंकि उसे पैसों की जरूरत थी।

### 23 सितंबर तक पुलिस हिरासत

पुलिस ने बताया कि तकनीकी जांच से पता चला कि विवेक और विशाल ने प्रिया की हत्या की थी, इस संबंध में जब उक्त दोनों से पूछताछ की गई तो, उन्होंने सुपारी के तहत प्रिया की हत्या करने की बात कबूल की। इसके बाद पुलिस ने प्रणिता को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उक्त सभी आरोपियों को पनवेल कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने इन आरोपियों को 23 सितंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया।

### पुलिस ने दर्ज किया था अचानक मौत का मामला

पुलिस के अनुसार विवेक ने दोस्त विशाल पांडे की मदद से 13 सितंबर की शाम प्रणाली की मां प्रिया की तार से गला घोंटकर हत्या कर दी, प्रिया का पति प्रह्लाद नाईक रात को घर आया, तो प्रिया को बेहोश पाया, उसने प्रिया को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पनवेल शहर पुलिस ने अचानक मौत का मामला दर्ज किया था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि प्रिया की गला घोंटकर हत्या की गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त प्रशांत मोहिते और पुलिस उपायुक्त अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में पनवेल शहर पुलिस स्टेशन की टीम ने तकनीकी और गुप्त मुखबिर के माध्यम से मामले की जांच शुरू की।

# होटल फॉल्कन में पुलिस का छापा

## 25 जुआरी गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**




उल्हासनगर के होटल फॉल्कन पर पुलिस ने छापा मारकर 25 जुआरियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उनको गिरफ्तार करके फिर छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार, कल्याण नंबर रात रोड पर स्थित होटल फॉल्कन रेस्टोरेंट बार मैं कई महीनों से जुआ का अड्डा चल रहा था इस बात की जानकारी होते ही उल्हासनगर के मध्यवर्ती पुलिस ने रविवार के दिन छापा मार कर 25 जुआरियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह सभी जुआरी नामचीन और उल्हासनगर के प्रसिद्ध लोग हैं। यह जुआ का अड्डा कमरा नंबर 305 और कमरा नंबर 304 में चल रहा था पुलिस ने सभी जुआरी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की छानबीन शुरू कर दिया है

# विधायक कुमार अयलानी ने किया गणपति बप्पा का दर्शन

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर के भाजपा विधायक कुमार अयलानी ने शहर भर के कई गणेश पंडालों में जाकर गणपति बप्पा का दर्शन किया और आशीर्वाद लिया। उल्हासनगर के विधायक कुमार अयलानी ने गणेश भक्तों से कहा कि वह गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाएं और उनको जिस प्रकार की मदद लगेगी वह उन्हें मदद की जाएगी।

### शहर के कई मंडलों में पहुंचे अयलानी

सोमवार के दिन उल्हासनगर केम्प एक शहद फाटक वीपी नाइक रोड पर स्थित अष्टविनायक गणेश मित्र मंडल मे उल्हासनगर के विधायक कुमार अयलानी, भाजपा नेता अजित सिंह लबाना, व्यापारी नेता दीपक छतलानी, समाजसेवक विनोद गोवानी, पत्रकार आनंद शुक्ला सहित कई अन्य लोगों ने गणपति बप्पा का दर्शन किया। इस मौके पर उल्हासनगर के भाजपा विधायक कुमार अयलानी ने वहां पर उपस्थित गणेश भक्तों का उत्साह बढ़ाया और और कहा कि वह गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ सभी लोग मनाए। इस मौके पर गणेश भक्तों ने उल्हासनगर के विधायक कुमार अयलानी को शॉल पहनाकर व नरियल देकर सम्मानित किया। यहीं पर समता मित्र मंडल में भी जाकर भाजपा विधायक कुमार अयलानी ने गणेश बप्पा से आशीर्वाद लिया जिससे गणेश भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया और गणेश भक्तों ने विधायक कुमार अयलानी को यहां पर भी सम्मानित किया।

# मंत्री रवींद्र चव्हाण के हाथों गणेश दर्शन प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण




**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

महाराष्ट्र प्रदेश के सार्वजनिक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ने शहर में एकता के राजा कहे जाने वाले धामनकर नाका मित्र मंडल और स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा आयोजित गणेशोत्सव समारोह में पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए। इस अवसर पर, स्वाभिमान सेवा संस्थान, संगठन के अध्यक्ष संतोष शेट्टी के मार्गदर्शन में, शहर के अन्य गणेशोत्सव मंडलों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले प्रदर्शन पर्यावरण व सामाजिक संदेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पिछले 21 वर्षों से स्वाभिमान श्री गणेश दर्शन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस गणेश दर्शन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह रवीन्द्र चव्हाण के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी रशीद, भाजपा शहर अध्यक्ष एड हर्षल पाटिल, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू चौघुले सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठाणे मनपा के गणेशोत्सव में जय भवानी मित्र मंडल को प्रथम स्थान

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे नगर निगम द्वारा आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल अरस प्रतियोगिता 2024 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस प्रतियोगिता में आजाद



नगर नंबर 2 का जय भवानी मित्र मंडल फर्स्ट रनरअप रहा है। इसी प्रकार सार्वजनिक उत्सव मंडल, स्वतंत्रवीर सावरकर नगर ने स्वच्छता पुरस्कार में प्रथम स्थान और गुणसागर नगर सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल ने सर्वश्रेष्ठ मूर्ति कलाकार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### जय भवानी मित्र मंडल ने 'लापरवाही से नुकसान' थीम की प्रस्तुत

इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले जय भवानी मित्र मंडल ने अपनी प्रस्तुति में 'लापरवाही से नुकसान' थीम प्रस्तुत की। तो वहीं दूसरे स्थान पर महागिरी कोलीवाड़ा के एकवीरा मित्र मंडल ने बाजी मारी है. उन्होंने 'कैफियत समाधान' का विषय प्रस्तुत किया है। 'सुरक्षा' विषय पर गांधीनगर के शिव सम्राट मित्र मंडल को तीसरी रैंक दी गई है. चैतन्य मित्र मंडल, जीजामाता नगर सोसायटी (विभिन्न व्यसनों के प्रभाव) को चौथी रैंक, सार्वजनिक उत्सव मंडल, जय भवानी नगर (ग्लोबल वार्मिंग) को पांचवीं रैंक, ओम शक्ति विनायक मित्र मंडल, गांधीनगर (यंग इंडिया) को छठी रैंक मिली।

### सार्वजनिक उत्सव मंडल को स्वच्छता पुरस्कार में पहला पुरस्कार

स्वच्छता पुरस्कार में पहला पुरस्कार सार्वजनिक उत्सव मंडल, सावरकर नगर को, दूसरा पुरस्कार ओंकारेश्वर सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल, म्हाडा वसाहट को और तीसरा पुरस्कार स्वाधीनता वीर सावरकर मित्र मंडल, सावरकर नगर को दिया गया।सर्वश्रेष्ठ मूर्तिकार प्रथम पुरस्कार वुइनोद शिलकर - गुणसागरनगर सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल, कलवा, द्वितीय पुरस्कार राकेश घोष्तिकर - श्रीरंग साहनिवास गणेशोत्सव मंडल, जबकि दीपक गोरे - कोलबाड मित्र मंडल ने तीसरा पुरस्कार जीता।

# एसटी स्टैंड से नागांव रोड पर लावारिस वाहन और कूड़ा-कचरा

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

शहर की 24 घंटे व्यस्त रहने वाली सड़क एसटी स्टैंड से नागांव गायत्री नगर तक सड़क पर बड़ी संख्या में लावारिस वाहन खड़े होने से सड़क बाधित हो रही है और इस सड़क पर जगह-जगह कचरा फेंका जा रहा है। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के भिवंडी अध्यक्ष अनंता पाटिल ने मनपा आयुक्त और यातायात पुलिस विभाग को भेजे ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई कर सड़क के दोनों तरफ साफ सफाई करने का अनुरोध किया है।



### नागरिक परेशान

गौरतलब हो कि एसटी स्टैंड से नागांव गायत्री नगर तक सड़क का कंक्रीटीकरण करते समय इस सड़क का चौड़ीकरण किया गया था। इससे नागरिकों की भावना थी कि चौड़ी सड़क पर यातायात सुगम होगा, लेकिन इस सड़क पर कई स्थानों पर कई-कई महीनों तक पुराने लावारिस वाहन टेंपो रिक्शा खड़े रहते हैं। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस सड़क पर जगह-जगह भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा फेंके जाने के कारण नागरिकों को यहां दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। सड़क से सटे दुकानदारों ने दुकान के सामने पैसा लेकर ठेला लगाने की जगह देकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया है। इस वजह से इस सड़क पर हमेशा जाम लगा रहता है। ट्रैफिक के कारण कई बार स्कूल बस भी इस जाम में फंस जाती है और छात्र समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते और उनकी पढ़ाई का नुकसान होता है। कई बार अति आवश्यक सेवा की एंबुलेंस भी इस जाम में फंस जाती है जिससे सीरियस मरीज के जान का खतरा भी बढ़ जाता है। कांग्रेस नेता पाटिल ने मनपा प्रशासन और ट्रैफिक विभाग से उक्त समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की अपील की है।

# जिला महिला कांग्रेस ने शुरु किया महिला सदस्यता अभियान

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**



राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के 40 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा अलका लांबा और प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा संध्या ताई सवालाखे के आदेश पर भिवंडी की निरीक्षक हुमैरा खान की उपस्थिति में भिवंडी शहर जिला कांग्रेस की तेज तर्रार महिला अध्यक्षा रुखसाना कुरैशी ने भिवंडी शहर जिला कांग्रेस जिला मध्यवर्ती कार्यालय में वेव साइट पर ऑनलाइन द्वारा महिला सदस्यता अभियान की जोरदार शुरुआत की। इसमें 21 महिलाओं ने कांग्रेस कार्यालय में सदस्यता अभियान ग्रहण किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम व गुणगौरव पुरस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

चौहान समाज के बच्चों के शैक्षणिक और मानसिक विकास हेतु चौहान एकता फाउंडेशन द्वारा 15 अगस्त रॉटरी मिड टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व गुणगौरव पुरुस्कार का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उल्हासनगर शहर के विधायक कुमार आयलानी व समाज सेवक संजय गुप्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद चौहान द्वारा आये हुए गणमान्यों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

### उत्तीर्ण छात्रों को ट्राफी देकर महागौरव पुरस्कार से किया गया सम्मानित




कार्यक्रम में मेधावी स्वजातीय छात्र-छात्राओं को सम्मान चिन्ह देकर संस्था की तरफ से सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान समाज की बिटिया गायिका कु.सीमा चौहान व सौम्या चौहान व अन्य बच्चों ने गीत प्रस्तुत करके समा बांध दिया। साथ ही पहली कक्षा से कालेज स्तर के सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार व सम्मान चिन्ह दिया गया। कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 70 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक से उत्तीर्ण छात्रों को ट्राफी देकर महागौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कल्याण में तृतीयपंथीय चोरों का गिरोह सक्रिय

## खड़कपाड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | कल्याण**



कल्याण-डोंबिवली इलाके में गणेश उत्सव मना रहे नागरिकों के घरों में तृतीयपंथीय चोरों का एक गिरोह सक्रिय हो गया है। यह गिरोह खुलेआम घर में घुसकर गणपति की मूर्ति के सामने नाच गाना करते हैं और जब इन्हें कोई नही देख रहा होता हैं तो लाखों के गहने, नकदी लूट लेते है। दिलचस्प बात यह है कि गहनों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों से पैसे भी मांग करते हैं। ऐसा ही एक मामला कल्याण के वाडेघर इलाके के व्यापारी सुरेंद्र चंद्रकांत पाटिल के घर में हुआ है। तृतीयपंथियो के इस गिरोह ने पाटिल के घर में घुसकर उनकी पत्नी और मां के 15 तोले और 2 लाख 40 हजार रुपये कीमत की सोने की मंगलसूत्र लूट लीं।

# मनोज जरांगे फिर शुरु करेंगे अनिश्चितकालीन अनशन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन छेड़ने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत कुनबी के रूप में वर्गीकृत करने की मांग को लेकर सोमवार आधी रात से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने की घोषणा की है। यह एक साल में उनका छठा अनशन होगा।

मराठा आरक्षण आंदोलन के केंद्र जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जरांगे ने मांग की कि सरकार पूर्ववर्ती हैदराबाद प्रांत, 'बॉम्बे प्रेसीडेंसी' और सतारा संस्थान के ऐतिहासिक राजपत्रों को लागू करे, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि इनमें मराठा को कुनबी (कृषि समुदाय) के रूप में मान्यता दी गई है।



'आमरण अनशन के अलावा कोई विकल्प नहीं'

उन्होंने कहा, ''इन मांगों के लिए मेरे पास आमरण अनशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। आगामी विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों की हार सुनिश्चित करने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प नहीं है।''

### मंगलवार से मेरा भूख हड़ताल शुरु :वाघमारे

इस बीच, ओबीसी आरक्षण कार्यकर्ता नवनाथ वाघमारे ने चेताया है कि अगर जरांगे अनशन करते हैं तो वह मंगलवार से भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

# लोहे का ढांचा गिरने से चार लोग घायल

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा शहर में ईद-ए-मिलाद के जश्न के लिए सड़क किनारे लगाए गए लोहे के एक ढांचे के गिर जाने से चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे महानगर पालिका (टीएमसी) के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि ईद-ए-मिलाद के अवसर पर खादी मशीन रोड पर बैनर लगाने के लिए लोहे का ढांचा लगाया गया था, जो दोपहर ढाई बजे गिर गया। तड़वी के अनुसार, हादसे में लोहे के ढांचे के नीचे खड़े चार लोगों को मामूली चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के कर्मी मौके पर पहुंचे तथा लोहे के ढांचे को घटनास्थल से हटाया।

# विले पार्ले सहित कई इलाकों में दो दिन रहेगी पानी कटौती

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई महानगरपालिका के के ईस्ट डिवीजन में वेरावली जलाशय -2 में 750 मिमी व्यास वाले पार्ले वेसावे (वर्सोवा) कॉर्पोरेशन आउटलेट पर चार वाल्व (वाल्व) बदले जाएंगे। यह काम गुरुवार 19 सितंबर 2024 को रात 8 बजे से अगले दिन यानी शुक्रवार 20 सितंबर 2024 को दोपहर 2 बजे के बीच किया जाएगा। इसलिए, इस अवधि के दौरान के ईस्ट और के वेस्ट के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति में कटौती की जाएगी। इस क्षेत्र के नागरिकों को पर्याप्त पानी का भंडारण करना चाहिए। पानी का प्रयोग संयमित ढंग से करना चाहिए। आउटलेट मरम्मत कार्य के बाद नियमित शेड्यूल के अनुसार जलापूर्ति बहाल कर दी जायेगी। साथ ही मनपा प्रशासन ने पानी सप्लाई बहाल होने के बाद एहतियात के तौर पर 4 से 5 दिनों तक पानी को फिल्टर और उबालकर पीने की अपील किया है।

### इन इलाकों में पानी कटौती



**के ईस्ट** – महाकाली मार्ग, पूनम नगर, गोनी नगर, तक्षशिला मार्ग, एमएमआरडीए कॉलोनी, दुर्गा नगर, पेपर बॉक्स, मालपा डोंगरी नंबर 3, शेर ए पंजाब, बिंद्रा कॉम्प्लेक्स, हंजर नगर, गणेश नगर, शोभना क्षेत्र (दैनिक जल आपूर्ति समय) – सुबह 4.30 से 7.50 बजे तक पानी कटौती रहेगी।

**के ईस्ट** – सुंदर नगर, गौतम नगर, मॉडर्न बेकरी, प्रजापुरपाड़ा (दैनिक जल आपूर्ति समय – सुबह 5.00 बजे से 8.00 बजे तक) पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

**के ईस्ट** – त्रिपाठी नगर, मुंशी कॉलोनी, बस्तीवाला कंपाउंड, सडेन कॉलोनी, कलेक्टर कंपाउंड, सारिपुत नगर (दैनिक जल आपूर्ति समय – सुबह 8.00 बजे से 10.00 बजे तक) पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।
के ईस्ट – दुर्गानगर, मातोश्री क्लब (दैनिक जल आपूर्ति समय – सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक) पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

**के वेस्ट**– सी.डी. बर्फीवाला मार्ग, उपाश्रय गली, स्वामी विवेकानन्द मार्ग अंधेरी, दाऊद बाग, केवानी पाड़ा, ढाकुशेठ पाड़ा, मलकम बाग, अंधेरी मार्केट, भरदावाड़ी, नवरंग सिनेमा के पीछे, अंधेरी गावथान, अंब्रे गार्डन पंप और गजदार पंप, गिल्बर्ट हिल का हिस्सा, तीन नल, गावदेवी डोंगरी मार्ग, उस्मानिया डेयरी का हिस्सा (दैनिक जल आपूर्ति समय – सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक) *पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

# ट्रैफिक पुलिस द्वारा की जा रही प्रताड़ना को लेकर मनीष दुबे ने दिया ज्ञापन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार के प्रवक्ता मनीष दुबे द्वारा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रताड़ना को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को एक लिखित पत्र दिया है कि जिस तरह से आम जनता को अवैध रूप से फाइन मारा जा रहा है उसको ध्यान में रखते हुए जो फाइन है, उसको माफ किया जाए। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी मोबाइल से फोटो खींचकर फिर मशीन में अपलोड करते हैं, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। जिससे आम जनता को न्याय मिल सके। इस समस्या को लेकर उन्होंने दहिसर ट्रैफिक विभाग, बोरीवली वाहतूक विभाग और समतानगर वाहतूक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर लिखित ज्ञापन दिया।

# महायुति के बीच सीट बंटवारे को 'जल्द' अंतिम रूप : फडणवीस



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं और ऐसे में राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को ''जल्द'' ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने भी चुनाव पूर्व व्यवस्था पर अपनी टिप्पणी में कहा कि ''लगभग 70-80 प्रतिशत'' (288) विधानसभा क्षेत्रों में सीट बंटवारे पर सत्तारूढ़ गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि महायुति का समझौता मुख्य प्रतिद्वंद्वी विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) से काफी पहले हो जाएगा। महायुति (महागठबंधन) में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। महायुति सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे और इसकी औपचारिक घोषणा के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, ''सीट बंटवारे के फॉर्मूले को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।''

दो बजे दोपहर पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## मुख्यमंत्री वयोश्री योजना के लिए राज्य में छह लाख से अधिक आवेदन पात्र

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के माध्यम से 65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री वयोश्री योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत 3 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए राज्य में 6 लाख 25 हजार 139 आवेदन पात्र हुए हैं। मुंबई मंडल में 63 हजार 90 , नासिक मंडल में 1 लाख 12 हजार 761, पुणे मंडल में 91 हजार 625, अमरावती मंडल में 1 लाख 32 हजार 758, नागपुर मंडल में 1 लाख 10 हजार 455 , छत्रपति संभाजीनगर मंडल में 42 हजार 976, 71 लातूर संभाग में हजार 474 पात्र हुए हैं।

**अनमोल विचार** जिज्ञासा हर नई खोज को प्रेरित करती है : बर्नहार्ड रीमैन

# 'राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए दूंगा'

### शिवसेना विधायक गायकवाड़ के बिगड़े बोल

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बयान के पर अभी सियासी घमासान थमा नहीं था कि अब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड के बयान पर नया बवंडर खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने गायकवाड के साथ राज्य की महायुति सरकार को निशाने पर लेते हुए इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। पटोले ने कहा कि गायकवाड को पहले अपना लेवल देखना चाहिए। वह राहुल गांधी और संविधान पर बोले के लायक भी नहीं हैं। पटोले ने धमकी दी है कि संजय गायकवाड अपना मुंह बंद रखें नहीं पता नहीं चलेगा कि पंजा क्या करेगा? पटोले ने कहा कि शिंदे सरकार ने गायकवाड को गिरफ्तार करे।



### जीभ काटने पर 11 लाख का ऐलान

संजय गायकवाड ने राहुल गांधी के लिए विवादित बयान दिया है। एक सार्वजनिक सभा में आरक्षण के मुद्दे पर बोलते हुए गायकवाड ने राहुल गांधी का जीभ काटने वाले को 11 लाख इनाम देने का ऐलान कर दिया। शिवसेना विधायक ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में 'संविधान खतरे में है' का ऐसा फेक नरेटिव फैलाकर वोट हासिल किया था। अब वह देश से आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रहे हैं। वह पिछड़े, आदिवासियों को दिए जा रहे आरक्षण को 100 प्रतिशत खत्म करना चाहते हैं। सभा में संजय गायकवाड ने कहा कि मैं कहता हूं जो राहुल गांधी की जीभ काटेगा मैं उसे 11 लाख दूंगा। राहुल गांधी की जीभ काटने के बयान पर बवाल मचने के बाद भी गायकवाड के तेवर कड़े हैं। उन्होंने फेसबुक पर लिखा है कि जो भी गरीब, वंचित, कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण का विरोधी होगा, मैं उसके प्रति हमेशा आक्रामक रहूंगा। जिससे उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन हो सकें। यदि कोई भी राजनीतिक नेता आरक्षण ख़त्म करने की बात करेगा तो मैं हमेशा इसके लिए उग्र रुख अपनाऊंगा। जय संविधान।

### कौन हैं संजय गायकवाड?

बुलढाणा विधानसभा से 2019 में शिवसेना के टिकट पर पहली बार जीते संजय गायकवाड बड़बोले नेताओं में शामिल हैं। यह पहला मौका नहीं है जब वह विवादों में आए हैं। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें दावा किया गया था कि एक पुलिसकर्मी उनकी कार को साफ कर रहा था। एक अन्य मामले में उन्होंने वर्ष 1987 में एक बाघ का शिकार करने का दावा किया था। इस मामले में उन पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोप भी लगे थे। पिछले साल उनकी शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत से भी जुबानी जंग हो चुकी है। गायकवाड पिछले साल जनवरी में संजय राउत पर हमला बोला था और कहा था कि सरकार 2024 तक चलेगी। तब उन्होंने राउत को काफी भलाबुरा कहा था। राउत ने सरकार के गिरने का दावा किया था। संजय गायकवाड बुलढाणा सीट से 2019 में 26 हजार वोटों से जीते थे। उन्होंने तब वंचित बहुजन आघाडी के कैंडिडेट विजय शिंदे को शिकस्त दी थी। 2014 में बुलढाणा सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया था।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### राज्यपाल ने लोगों को ईद-ए-मिलाद की बधाई दी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ईद-ए-मिलाद के मौके पर महाराष्ट्र के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने लोगों को दिए एक संदेश में कहा है कि ईद-ए-मिलाद पैगंबर मोहम्मद पैगम्बर के जन्मदिन की याद दिलाता है। यह त्योहार हमें पवित्र पैगंबर द्वारा दिए गए प्रेम, करुणा और बलिदान के शाश्वत संदेश की याद दिलाता है। मैं ईद-ए-मिलाद के शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के लोगों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

### रानीबाग 19 सितंबर को रहेगा बंद

**मुंबई।** गणपति विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी त्योहार एक दिन होने से मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं ने 17 सितंबर की जगह 18 सितंबर को जुलूस निकालने का निर्णय लिया है। इसलिए राज्य सरकार ने ईद मिलादुन्नबी के लिए 18 सितंबर को अवकाश घोषित किया है। अवकाश होने के कारण वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी उद्यान (रानीबाग) बंद रखा जाता है। लेकिन अब मनपा ने 18 सितंबर को रानीबाग खुला रखने का निर्णय लिया है। इसके बदले 19 सितंबर को पर्यटकों के लिए बंद रखा जाएगा। मनपा अधिकारी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के लिए 16 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। जिसे बाद में रद्द कर 18 सितंबर कर दिया गया।

## कांग्रेस विधायक अमीन पटेल पहुंचे फडणवीस के 'गणपति दरबार'

### पाला बदलने की अटकलें हुई तेज



**मुंबई।** मुंबई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक अमीन पटेल सोमवार को उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सरकारी निवास सागर बंगले पर पहुंच गए। जिसके बाद मुंबई में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगने की अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। पटेल की फडणवीस से मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री अजित पवार भी सागर पहुंच गए। इससे देखने वाले लोग असमंजस में पड़ गए।

### ये है चर्चा की वजह

अमीन पटेल को कांग्रेस के पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा का करीबी माना जाता है। लोकसभा चुनाव से पहले देवड़ा, कांग्रेस छोड़कर शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए थे और शिंदे गुट से उन्हें राज्यसभा में जाने का मौका मिल गया। देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने के बाद से पटेल के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि सागर बंगले पर पर जाकर अमीन ने सभी को चौंका दिया।

### 'मैं कांग्रेसी ही रहूंगा'

कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने कहा कि मैं आज देवेंद्र फडणवीस से दो वजहों से मिलने आया हूं। पहली गणपति के अवसर पर मेरी सद्भावना यात्रा है और दूसरा आज ईद-ए-मिलाद है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती भी यहां मौजूद हैं और मैं फडणवीस से निवेदन करने आया हूं कि गणेश विसर्जन के अगले दिन निकलने वाले जुलूस के दौरान पुलिस सहयोग करें। मैं जन्म से ही कांग्रेसी हूं और कांग्रेसी ही रहूंगा। मैं राहुल गांधी के नेतृत्व में काम कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा।

### बीजेपी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने की औपचारिक मुलाकात

बीजेपी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले अमीन पटेल, देवेंद्र फडणवीस के घर सिर्फ गणपति दर्शन के लिए गये थे। इसमें कुछ भी नया नहीं है और राजनीति जैसा कुछ भी नहीं है। कल शरद पवार अमीन पटेल के निजी हेलीपैड पर उतरे।

मेहमान के घर आने पर गुलदस्ता देना, महाराष्ट्र की संस्कृति है। हालांकि, कल ऐसी खबरें आई थीं कि अमीन पटेल तुतारी (तुरही) थामेंगे। यह उचित नहीं हैं।

### दोपहर टिप्पणी

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा अभी तक नहीं की है। इसी तरह राज्य के दो प्रमुख सियासी गठबंधनों में शामिल राजनीतिक दलों के बीच सीटों का बंटवारा भी अभी तक नहीं हुआ है। लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नवंबर महीने में हो सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी दावा कर रहे हैं कि नवंबर के दूसरे सप्ताह में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। इसी पृष्ठभूमि में नेताओं, विधायकों एवं इच्छुक उम्मीदवारों में उम्मीदवारी, सुरक्षित सीट व जीत की गारंटी की तलाश शुरू हो गई है। ऐसे में विधायक अमीन पटेल के सागर पहुंचने से राज्य का सियासी पारा चढ़ गया है।

## अपनी ही सरकार के खिलाफ नरहरि जिरवाल ने खोला मोर्चा

**धनगर आरक्षण मामला**

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

धनगर समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने हेतु सकारात्मक कदम उठाने के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बयान पर विधानसभा उपाध्यक्ष एवं राकांपा (अजित) के वरिष्ठ नेता नरहरि जिरवाल ने आपत्ति जताई है। जिरवाल ने कहा कि हम धनगर समाज के आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमारे आरक्षण (आदिवासी) से धनगर समाज को क्यों आरक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में जिरवाल ने यह सवाल उठाए। ऐसे में राज्य में मराठा और ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे संघर्ष के बाद धनगर-आदिवासी समाज के बीच संघर्ष देखने को मिल सकता है।



### आदिवासी कोटे से आरक्षण क्यों : जिरवाल

जिरवाल ने कहा कि धनगर समाज को आरक्षण देने का मामला पिछले कई वर्षों से चल रहा है। हम धनगर आरक्षण का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन विरोध हमारा सिर्फ इतना है कि धनगर समाज को आरक्षण आदिवासी कोटे के आरक्षण से क्यों दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि धनगर समाज की यह जिद ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि रविवार को धनगर समाज के आरक्षण को लेकर हुई बैठक की जानकारी मुझे नहीं दी गई थी। जैसे राज्य सरकार से धनगर आरक्षण की बैठक के लिए उन्हें बुलाया था, वैसे ही हमें भी बैठक में बुलाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मैं विधानसभा का उपाध्यक्ष हूं, इसलिए पूरे आदिवासी समाज का ध्यान मेरे ऊपर लगा हुआ है।

### 'सभी आदिवासी नेताओं की बैठक में अगली भूमिका स्पष्ट करेंगे'

जिरवाल ने कहा कि सरकार के फैसले के खिलाफ आदिवासी विधायक, नेता और संगठन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होंगे। सभी आदिवासी नेताओं की बैठक में अगली भूमिका स्पष्ट करेंगे। इस बीच धनगर आरक्षण के लिए भूख हड़ताल पर बैठे धनगर नेता दीपक बोराडे ने जिरवाल के बयान का विरोध करते हुए कहा कि वह सिर्फ जाति प्रेम दिखा रहे हैं। उन्हें धनगर समाज के रास्ते में नहीं आना चाहिए। बोराडे ने कहा कि जिरवाल उम्र दराज हो चुके हैं और उन्हें उम्र को ध्यान में रखकर बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी जिरवाल से अपील है कि वह राज्य सरकार द्वारा धनगर समाज को दिए जा रहे आरक्षण के मुद्दे को आदिवासी समाज के बीच में न घसीटें। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने धनगर आरक्षण पर कहा कि धनगर समाज के साथ मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को बैठक की थी। मैं उपराष्ट्रपति के साथ कार्यक्रम में व्यस्त था।

## ' नियमों में संशोधन करके दिया अदाणी को बिजली आपूर्ति का ठेका'

### कांग्रेस का महायुति सरकार पर बड़ा आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महावितरण ने अदाणी समूह को 25 वर्षों तक 6600 मेगावाट (5000 मेगावाट ताप बिजली, 1600 मेगावाट सौर ऊर्जा) बिजली उत्पादन का ठेका दिया है। इस पर विपक्ष एक बार फिर राज्य की महायुति सरकार पर हमला बोल रहा है। कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने अदाणी समूह के साथ हुए बिजली आपूर्ति के अनुबंध करार पर सवाल उठाया है। सावंत ने महायुति सरकार पर अदाणी को ठेका देने के लिए नियमों में संशोधन करने और अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के मुंबई प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सावंत ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी ने मार्च महीने में राज्य में बिजली आपूर्ति के लिए निविदा जारी किया की थी। उसके लिए कुछ मानक तय किए गए थे, लेकिन अडानी समूह के लिए तय मानकों के 19 नियमों में संशोधन किया गया।



### 'रेवड़ियों का जनता पर अतिरिक्त बोझ'

कांग्रेस ने अदाणी समूह द्वारा महाराष्ट्र में 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की सफल बोली लगाने को लेकर सोमवार को राज्य की 'महायुति' सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया क्या इन रेवड़ियों का जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का 'महायुति' गठबंधन भले ही आगामी विधानसभा चुनाव में करारी हार की।

## 21 सितंबर को जुहू बीच पर समुद्रतट सफाई अभियान



**मुंबई।** समुद्री प्रदूषण के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने और इसके महत्व को समझाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महासागर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे , केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस , उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की उपस्थिति में स्वच्छता का। 21 सितंबर 2024 को सुबह 7 बजे जुहू बीच पर समुद्री तट सफाई अभियान का आयोजन किया गया है। यह स्वच्छता अभियान केंद्रीय वन , पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया है । इस अभियान में जन प्रतिनिधि, छात्र, युवा संगठन, राष्ट्रीय छात्र सेना, समुद्री सुरक्षा बल भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय तटीय मिशन योजना के तहत आयोजन

राष्ट्रीय तटीय मिशन योजना के तहत 21 सितंबर 2024 (अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस) पर सभी 13 तटीय राज्यों में समुद्र तट सफाई अभियान का आयोजन किया गया है । राष्ट्रीय तटीय मिशन योजना के तहत समुद्र तट सफाई अभियान आयोजित किया गया है और इसके तहत विभिन्न गतिविधियाँ लागू की जाएंगी। पिछले 4 वर्षों से देश में समुद्री तटों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही इस दिन राज्य के समुद्री तट वाले सभी जिलों में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की ओर से समुद्री तट सफाई अभियान चलाया जाएगा।



वांद्रे पूर्व, शासकीय वसाहत में, लाड परिवार में विराजमान गणपति बाप्पा

# जलापूर्ति करने वाले जलाशयों में 99% पानी

### पिछले दो वर्षों की अपेक्षा ज्यादा हुआ जमा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

जलापूर्ति करने वाले महानगरपालिका (मनपा) के सात जलाशयों में 99 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। सितंबर महीने में जलाशयों में जमा यह पानी पिछले दो वर्ष की तुलना मेंज्यादा है। इससे अगले वर्ष जुलाई तक मुंबईकरों की पेयजल की समस्या खत्म हो गई है। एक जुलाई 2024 को मनपा के जलाशयों में 5 प्रतिशत पानी ही बचा था। जिसके बाद मनपा को 10 प्रतिशत पानी कटौती लागू करनी पड़ी थी। हालांकि बाद में हुई अच्छी बारिश से जलाशय लबालब हो गए।

### सात जलाशयों में जल भंडारण की कुल क्षमता 14,47,363 मिलियन लीटर की



मनपा के सात जलाशयों में जल भंडारण की कुल क्षमता 14,47,363 मिलियन लीटर की है। मुंबई शहर को सालभर जलापूर्ति करने के लिए इतना पानी पर्याप्त होता है। मौजूदा समय में इन जलाशयों में 14,28,697 मिलियन लीटर पानी जमा है। वैसे सबसे कम बारिश अपर वैतरणा जलाशय क्षेत्र में होती है। लेकिन इस बार अपर वैतरणा क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से इस जलाशय में 98 .51 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। इसी प्रकार 2022 में देखें तो आज के दिन 14,27,345, और 2023 में 14,03,648 मिलियन लीटर पानी जमा हुआ था। मनपा अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अभी कुछ दिन और छिटपुट बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। इससे जलाशयों में 100 प्रतिशत पानी जमा हो सकता है।

### महीने के आखिर में होगी समीक्षा

मनपा जल विभाग सितंबर महीने के आखिर में जलाशयों में जमा पानी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित करता है। जलाशयों में पानी की स्थिति के अनुरूप एक वर्ष के लिए पेयजल की योजना तैयार की जाती है। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल मुंबई में पानी का

### तालाबों में पानी लेकिन वकोला में बूंद-बूंद के लिए परेशानी

शहर के सांताक्रुज इलाके के वकोला पंपिंग स्टेशन में कई महीनों से रिसाव हो रहा है। लेकिन मनपा जल विभाग इसकी मरम्मत नहीं कर रहा है। इसके कारण तालाबों में भले ही पानी है लेकिन वकोला वासियों के लिए कम प्रेशर से आते बूंद-बूंद पानी से परेशानी है। पूर्व नगरसेविका तुलिप मिरांडा ने आरोप लगाया कि पंपिंग स्टेशन में मरम्मत का काम नहीं किए जाने से पानी का प्रेशर नहीं बन रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE hereby given public at large that, Mr. ADELINO ROCKY FERNANDES (Jt Owner – having 50% Share) was a Joint member of the New Godavari Co-operative Housing Society Limited having, address at Jangid Compex, Mira Road (East), Dist. Thane 401 107 and holding Flat No.601 on the 6th Floor "A" Wing of the society died on 01/03/2007 and his wife Mrs. FREDA ISABELLA FERNANDES (Jt. Owner – having 50% share) has applied for 100% membership of the society and sole owner ship of the flat and other legal heirs their daughter ERIKA GABRIELLA FERNANDES going to execute Release Deed in favour of her mother for the relinquishment of her inheritance share.

That as per Bye Laws of the society, hereby invites claims or objections for the transfer of the shares and interest of the deceased member within a period of 14 days from the publication of this notice, If no claims / objections in writing received within this period, society is free to transfer of shares and interest of the deceased member, contact the undersigned or the society.

Place : Mira Road (East),
Dated:17/09/2024

**Mr. H.K. Someshwar**
**Advocate, High Court, Bombay**
C-43/304/Sector-2/Shantinagar
Dist. Thane 401 107 -9819409260

संपादकीय

# रक्षक बने भक्षक

निश्चित रूप से नशीली दवाओं के खतरों के खिलाफ पंजाब पुलिस एक मुश्किल लड़ाई लड़ रही है। पंजाब पुलिस को उस समय शर्मिंदगी उठानी पड़ी जब एक ड्रग इंस्पेक्टर को कथित तौर पर मादक पदार्थों के तस्करों से मिलीभगत के आरोप में गिरफ्तार किया गया। हकीकत में नशे के खिलाफ जारी मुहिम ऐसी विभागीय काली भेड़ों की वजह से कमजोर ही होती है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अवैध ड्रग धंधे के संचालन में मदद करने के लिये इस ड्रग इंस्पेक्टर की गहरी भूमिका का खुलासा किया है। इतना ही नहीं, नशे के काले कारोबार से हासिल सात करोड़ से अधिक की राशि का पता आरोपी के बैंक खातों से चला है। कैसी विडंबना है कि जिस व्यक्ति की नियुक्ति नशे पर नियंत्रण में मदद करने के लिये हुई है, वही जिम्मेदार व्यक्ति विश्वासघात करके पहले से कमजोर नशीले पदार्थ नियंत्रक तंत्र को कमजोर करने का काम करता रहा है। वैसे विगत में भी ऐसे कई मामले उजागर हुए हैं कि पुलिस महकमे के लोग नशा तस्करों की राह आसान करते रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 2017 में अदालत में दायर एक जनहित याचिका पर कार्रवाई करते हुए पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की कथित रूप से नशीली दवाओं के तस्करों से मिलीभगत के आरोपों की जांच के लिये एक विशेष जांच दल का गठन किया था। पिछले साल अप्रैल में सार्वजनिक किए गए एसआईटी के निष्कर्षों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। उल्लेखनीय है कि इस जांच में खुलासा हुआ था कि एक पुलिस इंस्पेक्टर ने मोगा में तैनात एक एसएसपी के साथ मिलकर बीएसएफ कर्मियों की मदद से पाक से ड्रग्स की तस्करी की थी। इतना ही नहीं, आरोप लगा कि पुलिस इंस्पेक्टर ने लोगों पर नशीले पदार्थ बेचने के झूठे आरोप लगा पैसे की उगाही भी की थी। विडंबना देखिए कि इन तमाम आरोपों के बावजूद उसकी दोहरी विभागीय प्रोन्नति की गई थी। निश्चय ही रक्षक जब भक्षक बनने लगें तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। जिससे समाज की रक्षा के लिये बनी संस्थाओं से लोगों का विश्वास उठने लगता है। दरअसल, नौकरशाही की अक्षमता और व्यवस्थागत खामियां ऐसे विभागीय अपराधियों के निरंकुश खेल को आसान बना देती हैं। लंबे समय से ड्रग्स इंस्पेक्टर का स्वच्छंद रूप से काले धंधे में लिप्त रहना और जांच देर से होना एक मजबूत निवारक तंत्र की जरूरत को बताता है। इक्का-दुक्का लोगों की गिरफ्तारी के इतर बड़े संरचनात्मक सुधारों की जरूरत होगी। इसमें संदिग्ध अधिकारियों की समय रहते जांच, विशेष एनडीपीएस अदालतों के गठन, जेल की निगरानी में सतर्कता-सजगता और स्वतंत्र एजेंसियों के साथ समन्वय भी शामिल है। आंतरिक भ्रष्टाचार और जमीनी स्तर पर नशीली दवाओं के कारोबार को रोकने के लिये व्हिसलब्लोअरों को संरक्षण देने व समुदाय स्तरीय पुलिसिंग को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। निश्चित रूप से व्यवस्थागत बदलावों के बिना नशीली दवाओं के खिलाफ राज्य की लड़ाई मुश्किल होगी और इस दिशा में पर्याप्त सफलता नहीं मिल पाएगी।

शख्सियत | रविचंद्रन अश्विन

## एक क्रिकेट स्टार



**रविचंद्रन अश्विनएक प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर हैं जो अपनी बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनका जन्म को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। अश्विन ने छोटी उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक बन गए।**

अश्विन ने अपनेक्रिकेट करियर की शुरुआत एक बल्लेबाज के रूप में की थी, लेकिन बाद में उन्होंने ऑफ-स्पिन गेंदबाजी पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने 2010 में श्रीलंका के खिलाफ एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। जल्द ही, वे भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी बन गए, खासकर टेस्ट मैचों में। गेंद को स्पिन करने और अपनी गेंदबाजी को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता ने उन्हें टीम के लिए शीर्ष विकल्प बना दिया। अश्विन की एकखूबी उनकी चतुर गेंदबाजी है। वे अलग-अलग तरह की गेंदें फेंक सकते हैं, जैसे कैरम बॉल, जो बल्लेबाजों को भ्रमित करती है। अपनी चतुरगेंदबाजी के कारण, उन्होंने कई विकेट लिए हैं और भारत कोमहत्वपूर्ण मैच जीतने में मदद की है, खासकर टेस्ट क्रिकेट में।उनके पास टेस्ट मैचों में 450 से अधिक विकेट लेने का एक अनूठा रिकॉर्ड है, जो उन्हें भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक बनाताहै। गेंदबाजी केअलावा अश्विन एक बेहतरीन बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने भारत के लिए कई रन बनाए हैं, जब टीम को इसकी जरूरत थी। उनकी बल्लेबाजी कौशल टीम के लिए अतिरिक्त मूल्यजोड़ती है। अश्विन ने अपने प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार जीते हैं, जिसमें प्रतिष्ठित अर्जुनपुरस्कार भी शामिल है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और दिल्ली कैपिटल्सजैसी टीमों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेला है, जिसमें टी20 क्रिकेट में भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया है। मैदान के बाहर, अश्विन अपनी बुद्धिमत्ता और खेल के गहन ज्ञान के लिए जाने जाते हैं। वह अक्सरसोशल मीडिया पर अपनी क्रिकेट अंतर्दृष्टि साझा करते हैं, जिससे युवा क्रिकेटरों को सीखने में मदद मिलती है।

# न विराम न विश्राम, नरेंद्र मोदी नाम



**मुसलिम देशों की बात करें, तो अरब में भगवान का मंदिर बनना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह भारत के स्वाभिमान की जीत है। अरब देशों के साथ हमारे व्यापारिक रिश्ते मजबूत हुए हैं। अब हमें वहां जाने के लिए वीजा बनवाने की जरुरत नहीं है। मोदी जी का देश को यह तौहफा है कि 15 देश हैं जहां हमें वीजा की जरुरत नहीं है।**



**केके उपाध्याय (वरिष्ठ पत्रकार)**

हिंदुस्तान, अमर उजाला, स्वदेश व दैनिक भाष्कर के संपादक रहे, वर्तमान में जनता टीवी के मुख्य संपादक हैं। महाराष्ट्र भाजपा में मीडिया चुनाव प्रभारी हैं।

**जन्मदिन विशेष**

बात उन दिनों की है जब गुजरात में संघ के इस प्रचारक को स्कूटर चलाना नहीं आता था। तब शंकर सिंह बाघेला उन्हें अपने स्कूटर पर घुमाया करते थे। यह प्रचारक कोई और नहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। नरेन्द्र मोदी यानी संकल्प, शक्तिण, सामर्थ्य..! कठिन परिस्थिति में भी जूझने का नाम ही नरेन्द्र मोदी है। आज पूरी दुनिया नरेंद्र मोदी का लोहा मानती है, लोग ललचाई आखों से उनके व्यक्तित्व को ताकते हैं, पर कोई ऐसे ही नरेन्द्र मोदी नहीं बन जाता। इसके पीछे है वर्षों-वर्ष कड़ी तपस्या कठिन संघर्ष... अनवरत यात्रा। 2014 में जब देश हाहाकार कर रहा था, भृष्टाचार चरम पर था। कांग्रेस भृष्टाचार का पर्याय बन चुकी थी। तब अचानक एक नाम देश में उभर कर आया नरेन्द्र भाई मोदी का। वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। हिन्दुत्व की पहचान बन चुके थे।

गुजरात के विकास का माडल देश में चर्चा का विषय बन चुका था। जनता ने 2014 में इतिहास रच दिया। ऐसा कि कोई 30 साल बाद किसी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत मिला। आज यानी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। भाजपा अपने नेता के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है। नरेन्द्र मोदी अपने कैरियर के शुरूआती वर्षों में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के स्वंयसेवक रहे। बाद में प्रचारक का दायित्व उन्हें मिला। इस दौरान कई प्रदेशों के वे संगठन मंत्री भी रहे। 1970 से 1990 के राजनीतिक कैरियर को कोई खास गति नहीं मिली।

1987 में गुजरात में भाजपा के महासचिव के रूप में कार्य करना शुरू किया। 1995 में भाजपा ने गुजरात में बहुमत हासिल किया। इस सफलता के बाद फिर कभी नरेन्द्र मोदी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। तब से अब तक मिथक टूटते रहे, इतिहास बनता गया 7 अक्टूबर 2001 को उन्हें गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया गया। इस तिथि के बाद से आज तक वे संवैधानिक पद पर हैं। गुजरात के 12 साल मुख्यमंत्री रहे। अब लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेकर नरेन्द्र मोदी ने इतिहास रच दिया। इससे पहले देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ ली थी।

अब बातें बीते 10 सालों की। कैसे नरेन्द्र मोदी ने सफलता का इतिहास रचा। विदेश नीति – बीते 10 सालों में देश ने विदेश नीति में अपनी एक खास पहचान बनाई है। देश बड़ा हो या छोटा मोदी ने सभी देशों के साथ संबंधों पर जोर दिया। कोशिश तो पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ भी की थी। आपको याद होगा कैसे नरेन्द्र मोदी अचानक पाकिस्तान पहुंच गए थे नवाज शरीफ से मिलने। यह सिर्फ नरेनद्र मोदी ही कर सकते थे। हालांकि पाकिस्तान में लोकतंत्र नहीं है। वहां सेना शासन करती है। लिहाजा नवाज शरीफ को बाद में जेल में डाल दिया गया। हमारे देश पर पाकिस्तान ने आतंकी हमले किए। अमेरीका के टाइम्स स्कावयर पर लाखों की भीड़ में उपस्थित भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इससे विदेश में भारतीयों का दबदबा बना। भारतियों के लिए यह गौरव के पल थे। चीन से सीमा विवाद भी अब धीरे-धीरे सुलझ रहा है। कूटनीतिक बातें चल रही है। चीन अब हमारी शर्तों पर काम करने को राजी हुआ है।

मुसलिम देशों की बात करें, तो अरब में भगवान का मंदिर बनना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह भारत के स्वाभिमान की जीत है। अरब देशों के साथ हमारे व्यापारिक रिश्ते मजबूत हुए हैं। अब हमें वहां जाने के लिए वीजा बनवाने की जरूरत नहीं है। मोदी जी का देश को यह तौहफा है कि 15 देश हैं जहां हमें वीजा की जरूरत नहीं है।

रूस-यूक्रेन युद्ध पर संयम की नीति की हरेक देश तारीफ करता है। जब विश्व ने रूस पर प्रतिबंध लगाए तो हमने किसी परवाह न करते हुए रूस से सस्ते में तेल खरीदा। वह भी भारतीय मुद्रा में। डालर में नहीं। इस युद्ध के दौरान खुले मंच से दुनिया के बड़े नेताओं के बीच वे बोले - " आज का वक्त युद्ध का नहीं बुद्ध का है, शांति का है, यह युग सीमाओं के विस्तार का नहीं।" आज पूरा विश्व नरेन्द्र मोदी की ओर आशा के साथ देख रहा है।

नरेन्द्र मोदी ही वह नेता हैं, जो रूस में पुतिन से भी बात कर रहे हैं। यूक्रेन में जैलेंस्की से भी। माना जा रहा है कि मोदी की मध्यस्थता से ही कोई रास्ता निकलेगा, युद्ध थमेगा। धारा 370- यह धारा हमारे देश के मुकुट जम्मू-कश्मीर के लिए कांटों का ताज बनी हुई थी। वहां दो विधान थे, दो निशान थे। श्रीनगर के लाल चौक में कोई तिरंगा नहीं फहरा सकता था। अपने दूसरे ही कार्यकाल में शपथ लेने के कुछ ही महीनों में धारा 370 को समाप्त किया। वहां शांति बहाली के प्रयास शुरू हुए। अब वहां पत्थरबाजी नहीं होती। युवाओं के हाथ में किताब है। कलम है। विकास की गाथा है। पर्यटन बढ़ा है। वहां के लोगों को रोजगार मिल रहा है। रेल की पटरियां बिछाई जा रही हैं। टनल बन रही है। पुल बन रहे हैं। माल खुल रहे हैं। इतिहास गढ़ा जा रहा है। बुना जा रहा है।

राम मंदिर निर्माण - भाजपा का एक और एजेंडा अयोध्या में बाबरी के विवादित ढांचे के बाद वहां राम मंदिर का निर्माण भी है। अब वहां सरयू दीयों से जगमगाती है। अयोध्या विकास की कहानी लिख रही है। वहां राम विराजे हैं। हमारे राम आपके राम हम सबके राम।

करारा जवाब - पाकिस्तान को दो बार करारा जवाब दिया। एक बार सर्जिकल स्ट्राईक करके। दूसरी बार एअर स्ट्राइक करके। आज भारत विकास की गाथा लिख रहा है। पड़ोसी पाकिस्तान दुनिया के सामने भीख का कटोरा लेकर खड़ा है।

एक आलेख में मोदी की उपलब्धियों को नहीं समेटा जा सकता। यह तो एक बानगी है। अभी तो पूरा इतिहास बाकी है। हम कह सकते हैं अभी न विराम है। न विश्राम है। देश के प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की अनंतकोटि शुभकामनाएं।

जीवन ऊर्जा

बर्नहार्ड रीमैन, जन्म-17 सितंबर, 1826 | जन्म

# जिज्ञासा हर नई खोज को प्रेरित करती है

**बर्नहार्ड रीमैन एक जर्मन गणितज्ञ थे। उन्होंने गणित में महत्वपूर्ण योगदान दिया, खासकर ज्यामिति और संख्याओं के अध्ययन में। उनके विचार, जिन्हें ' रीमैन परिकल्पना' के रूप में जाना जाता है, आज भी गणित में बहुत महत्वपूर्ण हैं। बर्नहार्ड रीमैन का जन्म 17 सितंबर, 1826 को हुआ था और उनकी मृत्यु 20 जुलाई, 1866 को हुई थी। रीमैन के काम ने उनकी मृत्यु से पहले आधुनिक गणित को आकार देनेमें मदद की।**



गणित दुनिया को समझने की कुंजी है। संख्याओं में छिपे रहस्य हैं, जिन्हें खोजा जाना बाकी है। गणित की खूबसूरती इसकी अनंत संभावनाओं में है। जिज्ञासा हर नई खोज को प्रेरित करती है। जटिल समस्याओं के अक्सर सरल समाधान होते हैं। गणित केवल संख्याओं के बारे में नहीं है; यह पैटर्न और आकृतियों के बारे में है। हमेशा जो आप देखते हैं उस पर सवाल उठाएं, हो सकता है कि इसमें और भी कुछ हो। ज्यामिति आकृतियों से कहीं बढ़कर है, यह हमारे आस-पास का स्थान है। हर समस्या का समाधान पाने का अपना अनूठा तरीका होता है। गणित को समझने के लिए, व्यक्ति को गहराई से सोचना चाहिए। एक सरल विचार एक महान खोज की ओर ले जा सकता है। संख्याएँ कहानियाँ सुनाती हैं और उन्हें पढ़ना हमारा काम है। सीखने में, हर गलती समझ की ओर एक कदम है। अज्ञात की खोज करना गणित का मूल है। गणित में सत्य प्रमाण के माध्यम से पाया जाता है। जब हम दूसरों के साथ विचार साझा करते हैं तो वे बढ़ते हैं। पैटर्न हर जगह मौजूद होते हैं; हमें बस उन्हें खोजने की ज़रूरत है। कल्पना सोचने के नए तरीके विकसित करती है। गणित दृश्य को अदृश्य से जोड़ता है। सबसे छोटा विचार भी दुनिया को बदल सकता है। ज्यामिति हमें ब्रह्मांड को समझने में मदद करती है। गणित की दुनिया में हमेशा सीखने के लिए बहुत कुछ होता है। एक अच्छा प्रश्न अक्सर एक त्वरित उत्तर से अधिक महत्वपूर्ण होता है। गणित तर्क और संरचना की सुंदरता को प्रकट करता है। गणित में हल करने की यात्रा समाधान जितनी ही महत्वपूर्ण है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# शिवलिंग पर बने त्रिपुण्ड की तीन रेखाओं का रहस्य



प्रायः साधु-सन्तों और विभिन्न पंथों के अनुयायियों के माथे पर अलग- अलग तरह के तिलक दिखाई देते हैं । तिलक विभिन्न सम्प्रदाय, अखाड़ों और पंथों की पहचान होते हैं । हिन्दू धर्म में संतों के जितने मत, पंथ और सम्प्रदाय है उन सबके तिलक भी अलग-अलग हैं । अपने-अपने इष्ट के अनुसार लोग तरह-तरह के तिलक लगाते हैं । भगवान शिव के मस्तक पर और शिवलिंग पर सफेद चंदन या भस्म से लगाई गई तीन आड़ी रेखाएं त्रिपुण्ड कहलाती हैं । ये भगवान शिव के श्रृंगार का हिस्सा हैं । शैव परम्परा में शैव संन्यासी ललाट पर चंदन या भस्म से तीन आड़ी रेखा त्रिपुण्ड् बनाते हैं । बीच की तीन अंगुलियों से भस्म लेकर भक्तिपूर्वक ललाट में त्रिपुण्ड लगाना चाहिए । ललाट से लेकर नेत्रपर्यन्त और मस्तक से लेकर भौंहों (भ्रकुटी) तक त्रिपुण्ड् लगाया जाता है।

भस्म मध्याह्न से पहले जल मिला कर, मध्याह्न में चंदन मिलाकर और सायंकाल सूखी भस्म ही त्रिपुण्ड् रूप में लगानी चाहिए। त्रिपुण्ड् की तीनों रेखाओं में से प्रत्येक के नौ-नौ देवता हैं, जो सभी अंगों में स्थित हैं। पहली रेखागार्हपत्य अग्नि, प्रणव का प्रथम अक्षर अकार, रजोगुण, पृथ्वी, धर्म, क्रियाशक्ति, ऋग्वेद, प्रातःकालीन हवन और महादेवये त्रिपुण्ड्र की प्रथम रेखा के नौ देवता हैं।

दूसरी रेखा— दक्षिणाग्नि, प्रणव का दूसरा अक्षर उकार, सत्वगुण, आकाश, अन्तरात्मा, इच्छाशक्ति, यजुर्वेद, मध्याह्न के हवन और महेश्वर—ये दूसरी रेखा के नौ देवता हैं ।

तीसरी रेखा—आहवनीय अग्नि, प्रणव का तीसरा अक्षर मकार, तमोगुण, स्वर्गलोक, परमात्मा, ज्ञानशक्ति, सामवेद, तीसरे हवन और शिव—ये तीसरी रेखा के नौ देवता हैं । शरीर के बत्तीस, सोलह, आठ या पांच स्थानों पर त्रिपुण्ड लगाया जाता है

**त्रिपुण्ड लगाने के बत्तीस स्थान**

मस्तक, ललाट, दोनों कान, दोनों नेत्र, दोनों नाक, मुख, कण्ठ, दोनों हाथ, दोनों कोहनी, दोनों कलाई, हृदय, दोनों पार्श्व भाग, नाभि, दोनों अण्डकोष, दोनों उरु, दोनों गुल्फ, दोनों घुटने, दोनों पिंडली और दोनों पैर ।

**त्रिपुण्ड् लगाने के सोलह स्थान**

मस्तक, ललाट, कण्ठ, दोनों कंधों, दोनों भुजाओं, दोनों कोहनी, दोनों कलाई, हृदय, नाभि, दोनों पसलियों, तथा पृष्ठभाग में ।

**त्रिपुण्ड लगाने के आठ स्थान**

गुह्य स्थान, ललाट, दोनों कान, दोनों कंधे, हृदय, और नाभि ।

**त्रिपुण्ड लगाने के पांच स्थान**

मस्तक, दोनों भुजायें, हृदय और नाभि। इन सम्पूर्ण अंगों में स्थान देवता बताये गये हैं उनका नाम लेकर त्रिपुण्ड् धारण करना चाहिए ।

**त्रिपुण्ड धारण करने का फल**

इस प्रकार जो कोई भी मनुष्य भस्म का त्रिपुण्ड करता है वह छोटे-बड़े सभी पापों से मुक्त होकर परम पवित्र हो जाता है । उसे सब तीर्थों में स्नान का फल मिल जाता है । त्रिपुण्ड भोग और मोक्ष को देने वाला है । वह सभी रुद्र-मन्त्रों को जपने का अधिकारी होता है ।

वह सब भोगों को भोगता है और मृत्यु के बाद शिव-सायुज्य मुक्ति प्राप्त करता है । उसे पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता है ।

**गौरीशंकर तिलक**

कुछ शिव-भक्त शिवजी का त्रिपुण्ड लगाकर उसके बीच में माता गौरी के लिए रोली का बिन्दु लगाते हैं । इसे वे गौरीशंकर का स्वरूप मानते हैं ।

गौरीशंकर के उपासकों में भी कोई पहले बिन्दु लगाकर फिर त्रिपुण्ड लगाते हैं तो कुछ पहले त्रिपुण्ड लगाकर फिर बिन्दु लगाते हैं । जो केवल भगवती के उपासक हैं वे केवल लाल बिन्दु का ही तिलक लगाते हैं ।

शैव परम्परा में अघोरी, कापालिक, तान्त्रिक जैसे पंथ बदल जाने पर तिलक लगाने का तरीका भी बदल जाता है ।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# मां एक शिक्षक होती है

एक बार की बात है। ईश्वर चंद्र विद्यासागर अपनी घर के दरवाजे पर खड़े हुए थे। एक भिखारी को देख रहे थे, जो कि घरों-घरों में भीख मांग रहा था। उन्हें यह देखकर बहुत ही बुरा लगा, उस भिखारी पर उनको बहुत दया आ रही थी। वे दौड़ते हुए अपनी मां के पास गए हैं और मां से कहां, "मां मुझे उस भिखारी को कुछ देना है। कृपया मुझे कुछ दीजिए, जिससे कि मैं उस भिखारी की मदद कर सकूं।" मां सोने के कंगन पहनी हुई थी। उन्होंने अपने सोने के कंगन उतार कर उसको दे दीये और कहा इसे बेचकर तुम जरूरतमंदों और भिखारियों की मदद



करो। जब तुम बड़े हो जाओगे तब मुझे ऐसे ही सोने के कंगन बनवा देना। ईश्वर चंद्र विद्यासागर उसे बेचकर उस भिखारी और जरूरतमंदों की मदद की। जब ईश्वर चंद विद्या सागर बड़े हुए तो उन्होंने अपनी पहली कमाई से अपनी मां के लिए सोने के कंगन बनवाया और अपनी मां को दिया और कहा मां मैने आपका कर्ज उतार दिया है, जो मैंने बचपन में लिया था।

मां ने कहा बेटा मेरा कर्ज तो तब उतरेगा जब किसी दूसरे जरूरतमंद की जरूरत के लिए मुझे यह कंगन नहीं देने होंगे। ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समझ में आ गया। मां द्वारा कही गयी बात। यह बात उनके दिल को छू गई और उन्होंने अपने जीवन में प्रण किया कि मैं हमेशा गरीब और जरूरतमंदों की मदद करूंगा। मैं अपना पूरा जीवन और अपना पूरे जीवन की कमाई हुई पूंजी को जरूरतमंदों को दे दूंगा।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।





जन्म तिथि 17 सितंबर से 22 सितंबर तक

# द ग्रेट वुमन

नीलम रामअवध

इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।



## अंजुम रहबर

प्रसिद्ध कवि

जन्म- 17 सितंबर 1962, गुना, मध्य प्रदेश

अंजुम रहबर एक प्रसिद्ध भारतीय कवि और लेखिका हैं, जो अपनी ग़ज़लों और उर्दू शायरी के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। अंजुम रहबर को कविता और साहित्य में उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। 1986 में उन्हें इंदिरा गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी काव्य उत्कृष्टता के लिए उन्हें राम-रिख मनहर पुरस्कार और साहित्य भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिंदी साहित्य सम्मेलन ने भी हिंदी साहित्य पर उनके महत्वपूर्ण प्रभाव को मान्यता दी। कविता में उनकी प्रतिभा के लिए उन्हें अखिल भारतीय कविवर विद्यापीठ पुरस्कार मिला। उनके साहित्यिक कार्य को दैनिक भास्कर पुरस्कार और चित्रांश फ़िकर गोरखपुरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## अश्विनी पोनप्पा माचिमांडा

बैडमिंटन खिलाड़ी

जन्म-18 सितंबर 1989



अश्विनी पोनप्पा माचिमांडा एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जो महिला और मिश्रित युगल दोनों ही विधाओं में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन सर्किट में देश का प्रतिनिधित्व करती हैं। ज्वाला गुट्टा के साथ उनकी सफल जोड़ी रही है क्योंकि इस जोड़ी ने अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में कई पदक जीते हैं, जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और उबेर कप और एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक शामिल हैं। वे लगातार BWF विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल रहे और 10वें स्थान तक पहुंचे। पोनप्पा और गुट्टा ने 2011 में BWF विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय और महिला जोड़ी और कुल मिलाकर दूसरी जोड़ी बन गई।



## बिंदु भट्ट

कहानीकार और उपन्यासकार

जन्म-18 सितंबर 1954, जोधपुर

बिंदु भट्ट गुजरात, भारत की एक गुजराती भाषा की उपन्यासकार, कहानीकार, आलोचक और अनुवादक हैं। उनके उपन्यास अखेपातर (1999) को वर्ष 2003 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। उनकी अन्य महत्वपूर्ण कृतियों में मीरा याग्निकनी दयारी (1992) और बंधनी (2009) शामिल हैं। उन्होंने अपना करियर एक व्याख्याता के रूप में शुरू किया और बाद में गुजराती और हिंदी भाषा में लिखना शुरू कर दिया। उन्होंने छह साल तक एम.पी. शाह कला और विज्ञान महाविद्यालय, सुरेंद्रनगर में हिंदी साहित्य पढ़ाया। वह 1991 में उमा आर्ट्स एंड नाथीबा कॉमर्स महिला कॉलेज, गांधीनगर में शामिल हुईं और अभी भी वहां एसोसिएट प्रोफेसर और हिंदी विभाग की प्रमुख के रूप में काम कर रही हैं।

## कल्पना कार्तिक

फिल्म अभिनेत्री

जन्म-19 सितंबर 1931, शिमला, हिमाचल प्रदेश



कल्पना कार्तिक एक सेवानिवृत्त हिंदी फिल्म अभिनेत्री हैं। 1950 के दशक में उन्होंने छह फिल्मों में अभिनय किया। वह हिंदी फिल्म अभिनेता और फिल्म निर्माता स्वर्गीय देव आनंद की विधवा हैं। मोना सिंहा शिमला के सेंट बेड्स कॉलेज में पढ़ाई के दौरान एक ब्यूटी क्वीन थीं। उन्हें 1951 में फिल्म बाज़ी के साथ नवकेतन फिल्म्स के चेतन आनंद द्वारा फिल्मों से परिचित कराया गया था। उन्होंने देव आनंद के साथ सह-अभिनय किया, जिनके साथ उन्होंने अपनी सभी बाद की फिल्मों में काम किया। उनका स्क्रीन नाम - कल्पना कार्तिक - इस अवधि के दौरान चेतन आनंद द्वारा उन्हें दिया गया था। उनकी अन्य फ़िल्में आंधियां (1952), हमसफ़र (1953), टैक्सी ड्राइवर (1954), हाउस नंबर 44 (1954) और नौ दो ग्यारह (1957) थीं।



## इंद्राणी रहमान

शास्त्रीय नृत्यांगना

जन्म- 19 सितंबर 1930, चेन्नई
निधन- 5 फरवरी 1999, न्यूयॉर्क

इंद्राणी रहमान भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथकली और ओडिसी की एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना थीं, जिन्हें उन्होंने पश्चिम में लोकप्रिय बनाया और बाद में 1976 में न्यूयॉर्क में बस गईं। 1952 में, उन्होंने मिस इंडिया प्रतियोगिता जीती। बाद में, वह अपनी माँ रागिनी देवी की कंपनी में शामिल हो गईं। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय दौरों के दौरान भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली, ओडिसी को लोकप्रिय बनाया। इंद्राणी को 1969 में पद्म श्री और प्रदर्शन कला में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और तारकनाथ दास पुरस्कार भी मिला था।

## शीतल महाजन राणे

स्काईडाइवर

जन्म 19-सितम्बर-1982, पुणे, महाराष्ट्र



शीतल महाजन राणे एक प्रसिद्ध स्काईडाइवर हैं, जो विषम परिस्थितियों में अपने रिकॉर्ड तोड़ने वाले कारनामों के लिए जानी जाती हैं। पुणे, महाराष्ट्र में जन्मी, उन्हें बचपन से ही स्काईडाइविंग का शौक था। शीतल ने उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर स्काईडाइव करने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने कई राष्ट्रीय और विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं, जिसमें बिना किसी पूर्व प्रशिक्षण के उच्च ऊंचाई से स्काईडाइविंग करना भी शामिल है। उनकी बहादुरी और उपलब्धियों ने उन्हें पद्म श्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलाए हैं। शीतल अपनी अकादमी के माध्यम से भारत में स्काईडाइविंग को बढ़ावा देती हैं, जिससे कई लोग इस साहसिक खेल को आजमाने के लिए प्रेरित होते हैं।

## दीपिका पल्लीकल कार्तिक

स्क्वैश खिलाड़ी

जन्म 21 सितंबर, 1991, चेन्नई, भारत



दीपिका पल्लीकल कार्तिक एक प्रसिद्ध स्क्वैश खिलाड़ी हैं। दीपिका विश्व स्क्वैश रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में स्वर्ण सहित भारत के लिए कई पदक जीते। दीपिका ने छोटी उम्र में ही स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया था और सफल होने के लिए बहुत मेहनत की। उनकी शादी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक से हुई है। दीपिका अपने मजबूत खेल और समर्पण के लिए जानी जाती हैं, जिससे भारत में कई युवा एथलीट स्क्वैश खेलने के लिए प्रेरित हुए हैं।



## अनीसा सैय्यद

प्रसिद्ध निशानेबाज

जन्म- 22 सितंबर, 1980, महाराष्ट्र

अनीसा सैय्यद पिस्टल स्पर्धाओं में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रसिद्ध भारतीय निशानेबाज हैं। 22 सितंबर, 1980 को महाराष्ट्र में जन्मी, उन्हें बचपन से ही शूटिंग का शौक था। दिल्ली में 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतने के बाद अनीसा ने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे वह भारत की शीर्ष महिला निशानेबाजों में से एक बन गई हैं। अनीसा की लगन और सफलता ने कई युवा एथलीटों, खासकर महिलाओं को भारत में शूटिंग खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

# बेहतरीन मेकअप टिप्स, 50 की उम्र में भी दिखेंगी जवां

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारे मेकअप की ज़रूरतें बदलती हैं। सही प्रोडक्ट और तकनीकों का इस्तेमाल करने से बहुत फ़र्क पड़ सकता है। मेकअप किसी भी उम्र में सुंदरता को उभारने में मदद कर सकता है, खास तौर पर 50 से ज़्यादा उम्र की महिलाओं के लिए। यहां कुछ आसान और मददगार टिप्स दिए गए हैं:




**स्किनकेयर से शुरुआत करें:** अच्छे मेकअप की शुरुआत स्वस्थ त्वचा से होती है। मेकअप के लिए एक चिकना बेस बनाने के लिए अपनी त्वचा को नमी युक्त और हाइड्रेटेड रखें। एक सौम्य क्लींजर का इस्तेमाल करें और हर दिन एक अच्छा मॉइस्चराइजर लगाएं। अपनी त्वचा को तरोताज़ा बनाए रखने के लिए हाइलूरोनिक एसिड और विटामिन सी जैसे तत्वों वाले उत्पादों की तलाश करें।

**प्राइमर का इस्तेमाल करें:** प्राइमर मेकअप को आसानी से लगाने और लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। 50 से ज़्यादा उम्र की महिलाओं के लिए, हल्के, क्रीमी टेक्सचर वाला प्राइमर महीन रेखाओं को भर सकता है और छिद्रों को कम कर सकता है। यह एक चिकनी सतह बनाता है, जिससे फ़ाउंडेशन बेहतर दिखता है।

**हल्का फाउंडेशन चुनें:** भारी फाउंडेशन झुर्रियों को जमा सकता है और त्वचा को रूखा बना सकता है। अपनी त्वचा के रंग से मेल खाने वाला हल्का, मॉइस्चराइज़िंग फाउंडेशन या टिंटेड मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें। प्राकृतिक लुक के लिए इसे ब्रश या स्पॉन्ज से समान रूप से लगाएं। पाउडर फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे त्वचा केकी जैसी दिखती है।

**धीरे से छुपाएं:** डार्क सर्कल या दाग-धब्बों को छिपाने के लिए क्रीमी कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसे अपनी उंगलियों या छोटे ब्रश से आंखों के नीचे और किसी भी दाग-धब्बे पर धीरे से लगाएं। बहुत ज़्यादा इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे झुर्रियां उभर सकती हैं। ऐसा शेड चुनें जो आपके फाउंडेशन से एक टोन हल्का हो।

**नेचुरल ब्लश लगाएं:** ब्लश का एक स्पर्श चेहरे पर एक स्वस्थ चमक ला सकता है। पीच या रोज़ जैसे सॉफ्ट, नेचुरल शेड में क्रीम या सॉफ्ट आईशैडो रंगों का इस्तेमाल करें। भारी, गहरे रंगों से बचें, क्योंकि वे आंखों को छोटा दिखा सकते हैं। आईलाइनर के लिए, नरम लुक के लिए काले के बजाय भूरे या ग्रे पेंसिल का चयन करें। पलकों के करीब एक पतली रेखा लगाएं।

**काजल से उठाएं:** अपनी पलकों को कर्ल करके और काजल का एक कोट लगाने से आपकी आंखें अधिक जीवंत दिखाई देंगी। एक लम्बाई बढ़ाने वाला काजल लगाएं जो बिना चिपके पलकों को अलग करे। बहुत अधिक कोट लगाने से बचें, क्योंकि यह पलकों को भारी कर सकता है।

नरम लिप कलर चुनें: समय के साथ होंठ अपना भराव खो सकते हैं। गुलाबी, पिच जैसे सॉफ्ट कलर में क्रीमी, मॉइस्चराइज़िंग लिपस्टिक का इस्तेमाल करें। गहरे या मैट लिपस्टिक से बचें, क्योंकि वे होंठों को छोटा दिखा सकते हैं। लिप लाइनर होंठों को परिभाषित करने और लिपस्टिक को फैलने से रोकने में भी मदद कर सकता है।



**हल्के पाउडर से सेट करें:** अगर आपकी त्वचा ऑयली है, तो अपने मेकअप को सेट करने के लिए थोड़ी मात्रा में पारभासी पाउडर का इस्तेमाल करें। चमक कम करने के लिए इसे टी-ज़ोन पर हल्के से लगाएं। बहुत ज़्यादा पाउडर का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि यह झुर्रियों को उभार सकता है।

# मिनटों में पाएं ग्लोइंग स्किन

## बस शहद में मिलाएं यह एक चीज

खराब जीवनशैली और बढ़ते हुए पॉल्यूशन से त्वचा दिनों दिन बेजान हो जाती है और चेहरे की चमक कहीं खो जाती है। स्वस्थ त्वचा के लिए स्किन केयर करना काफी जरुरी है। शहद स्किन के लिए सबसे बेहतर होता है। इसके यूज करने से आप त्वचा को सॉफ्ट और ग्लोइंग बना सकते हैं। शहद चेहरे को ढेरों फायदे हो सकते हैं। आइए जानते हैं शहद का इस्तेमाल कैसे करें।

### पोषण तत्वों का भंडार

गौरतलब है कि शहद में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, कॉपर, सोडियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आइए



शहद से स्किन को होने वाले फायदों के बार में जानते हैं।

### दूध में मिलाकर लगाएं

अगर आप शहद में दूध मिलाकर चेहरे पर लगा ले। इसमें लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन के दाग-धब्बों को साफ करता है। यह कॉम्बिनेशन स्किन के लिए नेचुरल क्लींजर का काम करता है। इससे आपकी स्किन एकदम खिली-खिली नजर आएगी।

### केले मिलाकर लगाएं

चेहरे पर आप शहद और केला मिलाकर लगा सकते हैं। इसके चमत्कारिक रिजल्ट आपको देखने को मिलेगा। इससे पिंपल्स, झुर्रियां और डार्क स्पॉट्स को दूर करने में मदद मिलती है। इस पैक को चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत में सुधार होता है।

### गुलाब जल के साथ लगाएं

आप शहद और गुलाब जल को मिलाकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं। गुलाब जल त्वचा में ठंडक पहुंचाता है। इससे डेड स्किन सेल्स को साफ किया जा सकता है। इसको लगाने से त्वचा से एक्ने, दाग-धब्बे और डार्क स्पॉट्स से छुटकारा मिल सकता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

**वृष:** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। कमजोरी महसूस होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा।

**कर्क:** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**तुला:** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक:** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु:** दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मकर:** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:** घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

# विदेश सेटल कब तक हो पाएंगे

विदेश सेटल होना चाहते है या विदेश जाकर कैरियर बनाना चाहते है जॉब करना चाहते है आदि तो आज इसी बारे में बात करते है विदेश सेटल कब तक हो पाएंगे आदि। विदेश सेटलमेंट के लिए कुंडली मे सबसे पहले तो विदेश सेटलमेंट के योग होनर जरूरी है अब कुंडली का 12वा भाव विदेश का है तो चौथा भाव निवास का है तो लग्न-लग्नेश आप खुद होते है अब 12वा भाव स्वामी कुंडली मे मजबूत है और 12वा भाव भी अच्छी स्थिति में है और अब 12वे भाव या 12वे भाव स्वामी का सम्बन्ध कुंडली का लग्न-लग्नेश या चौथे भाव-चौथे भाव स्वामी से कुंडली मे है और इस सम्बन्ध में विदेश के कारक शनि या फिर राहु शुभ और बलवान होकर 12वे भाव या 12वे भाव स्वामी से सम्बन्ध बनाकर बैठे है तब विदेश में सेटलमेंट आपका हो जाएगा, अगर यह स्थिति भी न हो तब अगर दसवे भाव स्वामी या 10वे भाव का सम्बन्ध 12वे भाव स्वामी या 12वे भाव से बन रहा है और 12वे भाव से य 12वे भाव स्वामी से शनि या राहु का सम्बन्ध है तब विदेश में सेटलमेंट कैरियर व नौकरी की वजह स होगा।

अब कुछ उदाहरणों से समझते है विदेश में जाकर या विदेश सेटलमेंट किनका हो पायेगा



और कब तक विदेश सेटलमेंट हो पायेगा कब है विदेश सेटलमेंट का समय।

**उदाहरण_अनुसार_मकर_लग्न1:-**

मकर लग्न कुंडली मे 12वे भाव स्वामी गुरु या 12वे भाव का सम्बन्ध बलवान होकर कुंडली के चौथे भाव या चौथे भाव स्वामी मंगल या चौथे भाव से हो या फिर लग्न/लग्नेश शनि से सम्बन्ध बन रहा हो तब विदेश सेटलमेंट आपके है विदेश सेटलमेंट हो जाएगा इसके अलावा 12वे भाव स्वामी का संबंध 10वर भाव स्वामी या 10वे भाव से बन रहा है शनि राहु सहित तब विदेश में जाकर स्टेलेमेंट हो जाएगा।अब जब 12वे भाव स्वामी गुरु या 12वे भाव से सबन्ध बना रहे ग्रहो की दशाएँ आएगी उस समय विदेश सेटलमेन्ट होगा।




प्रियंका जैन
9769994439


**उदाहरण_अनुसार_कन्या_लग्न2:-**

कन्या लग्न में 12वे भाव स्वामी सूर्य कुंडली मे बलवान होकर बुध या लग्न या 10वे भाव स्वामी या गुरु से सबध बना रहे हो शनि या राहु का सम्बन्ध भी 12वेद भाव से हो तब विदेश सेटलमेंट हो जाएगा।अब 12वे भाव या 12वे भाव स्वामी की या इनसे सम्बन्ध बना रहे ग्रहो की दशाएँ आएगी उस समय विदेश सेटलमेंट हो पायेगा।

**उदाहरण_अनुसार_तुला_लग्न3:-**

तुला लग्न में 12वे भाव स्वामी बुध कुंडली मे मजबूत होकर शनि या राहु से सम्बंध बनाकर चौथे भाव या चौथे भाव स्वामी या फिर लग्नेश शुक्र से सम्बन्ध बना रहे है तब विदेश सेटलमेंट हो जाएगा अब 12वे भाव स्वामी अगर दसवे भाव स्वामी चन्द्रमा या दसवे भाव स सम्बन्ध बना रहे है तब जॉब की बजह से विदेश में निवास होने के रास्ते बनेंगे, 12वे भाव या 12वे भाव स्वामी की दशा अन्तर्दशाये आने पर विदेश सेटलमेंट हो पायेगा।

खबर संक्षेप

## विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेगी कांग्रेस

**रांची।** राजधानी रांची के आईटीआई बस स्टैंड (बजरा) के जनता मैदान में 22 सितंबर को मंईयां सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम से झारखंड में कांग्रेस विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेगी. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की. उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान महागठबंधन की सरकार में जनता के हित में जितने कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और उससे जितने लोग लाभान्वित हो रहे हैं, उसी को देखते हुए मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं के सम्मान में मंईयां सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस सम्मेलन में 15 विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाओं के भागीदारी होगी. मंईयां सम्मेलन में लातेहार, मनिका, लोहरदगा, गुमला, बिशनपुर, सिसई, सिमडेगा, कोलेबिरा, खूंटी, मांडर, रांची, कांके, हटिया, खिजरी, कोलेबिरा, तोरपा और कोडरमा विधानसभा से महिलाएं भाग लेंगी. प्रदेश महिला कांग्रेस और अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं भी मंईयां सम्मेलन में शामिल होंगी. इस सम्मेलन के माध्यम से विधानसभा स्तर पर जो महिलाएं कार्य कर रही हैं।

## जमकर हुई मारपीट में तीन की हालत गंभीर

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। राजपुर थाना क्षेत्र के रौनी गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही एक पक्ष के अभिषेक कुमार सिंह एवं दूसरे पक्ष के भोलू सिंह एवं अन्य लोगों के बीच किसी बात को लेकर पहले कहा सुनी हुई। इसके बाद देखते ही देखते जमकर लाठी डंडे चलने लगा। जिसमें दोनों पक्ष से गोलू सिंह, ज्ञान प्रकाश व अभिषेक बुरी तरह से घायल हो गए। इन सभी को इलाज के लिए सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इस मामले में दोनों पक्ष के तरफ से आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जिसमें से आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक पक्ष से अभिषेक कुमार सिंह, राजीव कुमार, ज्ञान प्रकाश सिंह दूसरे पक्ष के भोलू सिंह, नीतीश कुमार, मंगल सिंह उर्फ आदर्श कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुराने भूमि विवाद में मारपीट हुई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकीदार को ड्यूटी पर लगाया गया है। किसी प्रकार की सूचना मिलते ही तत्काल सूचना देंगे।

# जौनपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद

## दिनदहाड़े घर में घुसकर दादी-पोते को मारी गोली, हालत गंभीर

एजेंसी | जौनपुर

जौनपुर में बदमाशों को किसी का खौफ नहीं है। आए दिन वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। नया मामला कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है। जहां बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने घर मे घुस कर दादी-पोता को गोली मारकर घायल कर दिया। आनन-फानन में घायलों की अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर पोते को बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है।



### गिरफ्तारी के लिए पूरे जिले में चेकिंग

ये घटना कोतवाली क्षेत्र के नईगंज मोहल्ले का है। पुलिस के अनुसार 27 साल के शनि यादव 70 साल की उसकी दादी कमला देवी घर के पास अपनी ट्रैक्टर पार्ट की दुकान पर बैठे थे। इस दौरान दिन में करीब साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार नकाबपोश दो अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गए। बदमाशों की पहली गोली शनि यादव के पीठ में और दूसरी गोली उसकी दादी कमला देवी के पैर में गोली लगी है। आनन-फानन में परिज दोनों को लेकर जिला अस्पताल भागे जहां पर शनि की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया। इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक नगर देवेश सिंह ने बताया कि दादी पोते पर गोली चालने का मामला संज्ञान में आया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पूरे जिले में चेकिंग की जा रही है। जल्द ही नकाबपोश बदमाशों को गिरफ्तार जेल भेज दिया जाएगा।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस

## अंजुमनों ने पेश किया नातिया कलाम



**आजमगढ़।** पैगम्बर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे विलादत के मौके पर सोमवार की सुबह 9 बजे निजामाबाद के मदरसा कंजूल ईमान से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग 'नारे तकबीर, नारे रिसालत' की सदा बुलंद करते हुए मदरसा कंजूल ईमान से पुराना चौक पहुंचे। जहां हाफिज सरफराज ने नाते पाक 'गूंज उठी सदाए मरहबा, आ गये हुजूर आ गये, जश्न ईद बारहवीं मना, आ गये हुजूर आ गये' पढ़ी। जिसे सुनकर लोग झूम उठे। उसके बाद यह जुलूस देवकी सेठ चौक, काजी साहब का इमामबाड़ा, नई सड़क पुरानी तहसील होते हुए मदरसा मम्बउल उलूम से होते हुए शाह गोला दीवान शाह, जामा मस्जिद, थाना मोड़ होते हुए, पोस्ट आफिस होकर पुराना चौक , मदरसा कंजूल ईमान पर आकर समाप्त हुआ। काजी साहब के इमामबाड़ा के पास काजी बाकर हुसैन की तरफ से जुलूस में शामिल लोगों को तबर्रुक तकसीम किया गया। इस अवसर पर काजी बाकर हुसैन, सोहराब, इकराम, गौहर अली, नगर पंचायत अध्यक्ष अलाउद्दीन, हाफिज सरफराज, प्रबंधक मोहम्मद नदीम, गयासुद्दीन खान, गुलाम रसूल, नासिर, नसीम, जमाल, अफसर अली, नूरलैन, अनस आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक की हत्या के आरोप में 6 नाबालिग गिरफ्तार



**भदोही।** भदोही से भी एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने 16 साल के एक लड़के की हत्या के आरोप में छह नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह खेतलपुर गांव के एक खेत में 16 साल के शिव शंकर प्रजापति का शव बरामद किया गया था। उसकी गला घोंटकर उसकी हत्या की गयी थी और घटनास्थल पर शराब की बोतल मिली थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग के कारण उसकी हत्या की गई। आरोपियों ने शिव को झांसे में लेकर शराब की दुकान पर बुलाया और बहुत ज्यादा शराब पिलाने के बाद गला घोंट हत्या कर दी। पकड़े गए सभी आरोपी 12 से 16 से के हैं।

# ताजनगरी को एक और वंदेभारत सुपरफास्ट का तोहफा

एजेंसी | आगरा

ताजनगरी आगरा को एक और वंदेभारत सुपरफास्ट का तोहफा मिला है। कैंट स्टेशन से वाराणसी तक वंदेभारत ट्रेन का शुभारंभ सोमवार को 16 सितंबर को हो गया। इसका शुभारंभ रेल राज्य मंत्री रवनीश सिंह बिट्टू ने हरी झंडी दिखाकर किया। ताजनगरी से इलाहाबाद हाईकोर्ट और बाबा विश्वनाथ धाम वाराणसी जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। महज सात घंटे में यह आगरा से वाराणसी की यात्रा को पूरा करेगी।

### आगरा रेल मंडल को मिलने वाली यह चौथी वंदे भारत

बताते चलें कि आगरा रेल मंडल को मिलने वाली यह चौथी वंदे भारत है। ताजनगरी आगरा को धर्मनगरी वारणसी से जोड़ने के लिए रेलवे बोर्ड ने एक वर्ष पूर्व आगरा-वाराणसी वंदे भारत सेमी बुलेट ट्रेन को चलाए जाने की घोषणा की थी। यूं तो इस ट्रेन को पिछली दिवाली पर चलाया जाना था, किंतु किन्ही कारणों से इसका संचालन नहीं हो सका था। अब सोमवार को रेल राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर



इसका शुभारंभ कर दिया। ट्रेन संचालन के लिए तीन सितंबर को जारी नोटिफिकेशन में आठ कोच वाली इस ट्रेन के बारे में जानकारी दी गई थी। इसका शुभारंभ हो गया है। रेलवे ने इसके नियमित संचालन का टाइम टेबल जारी कर दिया है। हालांकि इससे पहले जारी नोटिफिकेशन में यह किन स्टेशनों पर रुकेगी, इसका जानकारी दे दी गई थी। लोगों को 160 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से दौड़ने वाली एवं हवाई यात्रा का अहसास कराने वाली इस ट्रेन के चलने का लंबे समय से इंतजार था। जो अब खत्म हो गया है। इस ट्रेन का ठहराव टूंडला, कानपुर और प्रयागराज स्टेशनों पर होगा।

### वंदे भारत ट्रेन का शेड्यूल

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों को यह ट्रेन आगरा से सुबह 6 बजे पकड़नी होगी। दोपहर 1 बजे तक वह वाराणसी पहुंच जाएंगे। वाराणसी से यह ट्रेन दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से चलकर रात 10 बजकर 20 मिनट पर आगरा पहुंच जाएगी।

# राहुल गांधी की टीम ने की पत्रकार से बदसलूकी

## वीडियो डिलीट करने पर एनयूजे की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने टेक्सास, अमेरिका में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की विदेश यात्रा के दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के इंटरव्यू के समय एक पत्रकार से हुई बदसलूकी और उनके वीडियो को डिलीट करने की कड़ी निंदा की है।



### क्या है पूरा मामला ?

घटना तब हुई जब पत्रकार रोहित शर्मा ने सैम पित्रोदा से सवाल किया कि "क्या राहुल गांधी यूएस के सांसदों से बांग्लादेश में मारे जा रहे हिंदुओं पर चर्चा करेंगे?" इस सवाल के बाद राहुल गांधी की टीम ने पत्रकार से बदसलूकी की, उनका फोन छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया और उन्हें जबरन होटल के कमरे में 30 मिनट तक रोक कर रखा।

### एनयूजे इंडिया के अध्यक्ष रास बिहारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी

एनयूजे इंडिया के अध्यक्ष रास बिहारी ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "यह बेहद हैरान करने वाली बात है कि राहुल गांधी, जो अमेरिका में भारत में घटती मीडिया आजादी पर सवाल उठा रहे हैं, उनकी टीम ने भारतीय पत्रकार के साथ ऐसा व्यवहार किया।" रास बिहारी ने आगे कहा कि इस घटना से स्पष्ट होता है कि राहुल गांधी और उनकी टीम पत्रकारों के सवालों को सहन नहीं कर पाती है।

### पत्रकार रोहित शर्मा ने क्या कहा ?

पत्रकार रोहित शर्मा ने इस घटना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि राहुल गांधी से ठीक ऐसा ही सवाल एक अन्य पत्रकार ने पूछा था, जिसे कांग्रेस के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट किया गया था।

# स्वणरिखा और खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार

**सरायकेला।** कोल्हान प्रमंडल में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सरायकेला और आसपास के इलाके में भी भारी बारिश हो रही है। सरायकेला जिले की दो प्रमुख नदियां खरकई और स्वर्णरेखा उफान पर हैं। दोनों नदियां खतरे के निशान को पार कर गईं हैं। लगातार 3 दिन से हो रही बारिश के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। लगातार बारिश से शहरी क्षेत्र के गैरेज चौक संतोषी मंदिर के समीप सरायकेला-चाईबासा सड़क पर पानी जम गया है।



सरायकेला से खरसावां जाने वाली सड़क पर बिरसा चौक के पास गड्ढे में जलजमाव हो गया है, जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही है। कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। कोल्हान प्रमंडल में लगातार हो रही बारिश की वजह से सरायकेला-खरसावां जिले में रेन कोट और छाते की बिक्री बढ़ गई है।




# अडाणी ग्रुप के प्रति निवेशकों का रुझान बढ़ा

- अगस्त में ग्रुप की कंपनियों में 4,200 करोड़ का निवेश
- म्यूचुअल फंड्स ने अडाणी ग्रुप में जुलाई की तुलना में दोगुना से अधिक किया निवेश

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और देश के तमाम विपक्षी दलों के निशाने पर रहने के बावजूद अडाणी ग्रुप के प्रति निवेशकों का रुझान लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर म्युचुअल फंड्स ने अडाणी ग्रुप के शेयरों में खरीदारी करने में अपने दिलचस्पी काफी बढ़ा दी है। अगस्त के महीने में म्युचुअल फंड्स ने अडाणी ग्रुप के शेयरों में 4,200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया, जो जुलाई में अडाणी ग्रुप के शेयरों में किए गए निवेश की तुलना में दोगुना से भी अधिक है।




### ग्रुप के शेयरों में 4,200 करोड़ से अधिक की खरीदारी

इस संबंध में मिले आंकड़ों के मुताबिक अगस्त के महीने में म्युचुअल फंड्स ने अडाणी ग्रुप के शेयरों में 4,200 करोड़ रुपये से अधिक की खरीदारी की। इस दौरान म्युचुअल फंड कंपनियां ग्रुप की आठ लिस्टेड कंपनियों के शेयरों की जम कर खरीददारी करती रहीं, जबकि इसी ग्रुप की कंपनी एसीसी में उन्होंने मामूली बिकवाली की। अगस्त के पहले जुलाई में म्युचुअल फंड कंपनियों ने अडाणी ग्रुप में 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जबकि जून में निवेश का ये आंकड़ा 990 करोड़ रुपये और मई में 880 करोड़ रुपये का था।

### अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अंबुजा सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक निवेश

अगस्त के महीने में म्युचुअल फंड्स ने अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अंबुजा सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक निवेश किया। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में म्युचुअल फंड कंपनियों ने 1,541 करोड़ रुपये का निवेश किया, वहीं अंबुजा सीमेंट में उन्होंने 1,308 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की। बताया जा रहा है कि ये खरीदारी एक ब्लॉक डील के दौरान हुई, जिसमें अंबुजा सीमेंट के करीब 4,250 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री हुई थी।

### 924 करोड़ रुपए का निवेश

इन दोनों कंपनियों के अलावा अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में म्युचुअल फंड्स ने अगस्त महीने के दौरान 924 करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि अडाणी पोर्ट्स के 588 करोड़ रुपये के शेयर म्युचुअल फंड्स ने अगस्त महीने के दौरान खरीदे। इसी तरह अगस्त के महीने में म्युचुअल फंड कंपनियों ने अडाणी पावर में 44 करोड़ रुपये, अडाणी ग्रीन एनर्जी में 11 करोड़ रुपये और अडाणी टोटल गैस में 4 .17 करोड़ रुपये का निवेश किया।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

- सेंसेक्स ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी बनाया नया रिकॉर्ड
- उतार-चढ़ाव के बाद निवेशकों को 1.82 लाख करोड़ का मुनाफा



एजेंसी | नई दिल्ली

दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना लिया। इसके बाद मुनाफा वसूली का दबाव पड़ने पर दोनों सूचकांक गिर कर कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचे। दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

### कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, रियल्टी, पावर, मीडिया और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी

कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, रियल्टी, पावर, मीडिया और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। आईटी, एफएमसीजी और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर तेजी बनी रही, जिसके कारण बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0 .28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। हालांकि, मिडकैप इंडेक्स 0 .01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ बंद हुआ।

### संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 470 .53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468 .71 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# कच्चे तेल में भारी गिरावट से पेट्रोल-डीजल सस्ते होने की संभावना बढ़ी

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल के दाम मार्च 2024 के बाद से 20 फीसदी गिरकर 75 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गए हैं। इससे भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में भारी कटौती की संभावना है। पिछली बार लोकसभा चुनाव से पहले ईंधन की कीमतों में बदलाव किए गए थे। गौरतलब है कि अप्रैल के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल में 19 फीसदी की भारी गिरावट आई है। अब यह 72.48 डॉलर पर है। अगस्त 2021 में यह कीमत सबसे निचले स्तर यानी 69.8 डॉलर प्रति बैरल पर थी। कोरोना महामारी की वजह से, जब मार्च 2020 में कीमतें दो दशक के निचले स्तर 19.9 डॉलर तक गिरीं तब से कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मार्च 2022 में कीमतें 2014 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गईं और जून 2022 में दशक के उच्चतम स्तर 116 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं, लेकिन वित्त वर्ष 2023 के अंत तक दाम में गिरावट आई और यह 80 डॉलर प्रति बैरल से कम पर पहुंच गई। पिछले वित्तीय वर्ष में सितंबर महीने में कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हुईं, लेकिन ज्यादातर 81-84 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में थीं।

### गिरावट की वजह



दरअसल, दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातक चीन से मांग कम होने से वैश्चिक स्तर पर कच्चे तेल कीमतों में गिरावट आई है। बीते मंगलवार को अपनी मासिक रिपोर्ट में ओपेक ने चालू वर्ष के लिए अपने वैश्विक तेल मांग पूर्वानुमान को 2.11 मिलियन बैरल प्रतिदिन के अपने पहले अनुमान से घटाकर 2.03 मिलियन बैरल प्रति दिन किया था।

# सेबी ने गैर-पेशेवर कार्य संस्कृति पर जारी प्रेस विज्ञप्ति को लिया वापस



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को गैर-पेशेवर कार्य संस्कृति पर जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति वापस ले ली है। सेबी ने विगत 4, सितंबर को जारी इस विज्ञप्ति को यह कहते हुए वापस ले लिया है कि यह चिंताएं 'गलत' हैं और कर्मचारी संबंधी मुद्दों को आंतरिक रूप से संभाला जाएगा। बाजार नियामक ने जारी बयान में कहा कि सेबी ने पिछले 36 वर्षों में भारतीय प्रतिभूति बाजार को विश्व के सबसे गतिशील और सुव्यवस्थित बाजारों में से एक बनाने में अपने कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। सेबी ने कहा कि वह कर्मचारी-संबंधी मामलों का निपटारा उचित आंतरिक तंत्र के माध्यम से करती है। सेबी ने कहा है कि सभी ग्रेड के अधिकारियों के प्रतिनिधियों के साथ रचनात्मक चर्चा के बाद सेबी और उसके कर्मचारियों ने पुष्टि की है कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से आंतरिक हैं, उन्हें संगठन के शासन के उच्च मानकों के अनुसार और समयबद्ध ढांचे के भीतर प्रबंधित किया जाएगा।

फुटबॉल

स्पेनिश लीग में गिरोना को 4-1 से शिकस्त दी | अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचा बार्सिलोना

# यमाल के दो गोल के दम पर बार्सिलोना ने दर्ज की लगातार पांचवीं जीत

एजेंसी । मैड्रिड

लामिन यमाल ने दस मिनट से भी कम समय में दो गोल दागकर स्पेनिश लीग सत्र की शुरुआत में बार्सिलोना को लगातार पांचवीं जीत दिला दी। रविवार को खेले गए मुकाबले में यमाल के दोहरे गोल के साथ-साथ दानी ओल्मो और पेड्री के दूसरे हाफ में किए गए गोलों से बार्सिलोना ने गिरोना पर 4-1 से जीत हासिल की।

## चार अंकों की बढ़त

इस जीत से टीम चार अंकों की बढ़त बनाकर तालिका में शीर्ष पायदान पर है। यमाल ने गिरोना के खिलाफ 30वें मिनट और 37वें मिनट में गोल दागे। क्रिस्टियन स्टुआनी ने 80वें मिनट में गिरोना के लिए एकमात्र गोल किया। स्पेन के 17 वर्षीय युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमाल के अब इस सत्र में तीन गोल हो चुके हैं। हालांकि पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने वाले गिरोना ने बार्सिलोना के खिलाफ अपने दोनों लीग गेम जीते थे। एटलेटिको मैड्रिड ने एंटोनी ग्रीजमैन एवं नए खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज और कॉनर गैलाघर के गोलों की बदौलत अंतिम स्थान वाले वेलेंसिया को 3-0 से हराया जबकि रियाल मैड्रिड ने किलियन एमबापे और विनीसियस जूनियर के गोल से रियाल सोसिदाद पर 2-0 से जीत दर्ज की थी।



- 03 गोल अब तक पांच मैच में लीग में इस सत्र में कर चुके हैं स्पेन के 17 साल के यमाल
- 05 मैच में बार्सिलोना 17 गोल करके 15 अंक के साथ तालिका में फिलहाल शीर्ष पर है

## तीन टीमें पीछे

अन्य मैचों में विलारियल ने मालोर्का पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद टीम एटलेटिको मैड्रिड और रियाल मैड्रिड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमें बार्सिलोना से चार अंक पीछे हैं। एटलेटिको मैड्रिड की यह लगातार दूसरी और पांच लीग मैचों में तीसरी जीत थी जबकि वालेंसिया ने अपने सत्र की शुरुआत चार हार और एक ड्रॉ के साथ की है।

# न्यूजीलैंड से मुकाबले के लिए श्रीलंकाई टीम में ओशादा



**कोलंबो।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए 18 महीनों से बाहर चल रहे बल्लेबाज ओशादा फर्नांडो को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका के चयनकर्ताओं ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए सोमवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी।

## धनंजय को कमान

यह सीरीज धनंजय डिसिल्वा की कप्तानी में खेली जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई श्रीलंका ए टीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले 32 वर्षीय बल्लेबाज ओशादा को जगह दी गई है। वहीं इंग्लैंड का दौरे पर गए खिलाड़ियों में से तेज गेंदबाज ऑलराउंडर निसाला थारका और तेज गेंदबाज कसुन राजिथा को बाहर रखा गया है। दोनों टेस्ट गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 18 सितंबर और दूसरा 26 सितंबर से खेला जाएगा।

### टीम

धनंजय डिसिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, कामिंडू मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, वशिवा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे और मिलन रत्नायके।

## न्यूज ब्रीफ

### लिव गोल्फ : लाहिड़ी छठे, राहम को खिताब

एजेंसी । बोलिंगब्रूक

भारत के अनिर्बान लाहिड़ी अंतिम दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर से लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे जबकि जॉन राहम ने तीन टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज करते हुए खिताब और व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। लाहिड़ी ने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गए। हालांकि लाहिड़ी की टीम क्रशर्स ने टीम खिताब जीता। टीम के अन्य सदस्य ब्रायसन डिचेम्ब्यू, पॉल कैसी और डेविड हॉवेल थे। स्पेन के 29 साल के राहम ने अंतिम दौर में बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से रविवार को लिव गोल्फ शिकागो और व्यक्तिगत ट्रॉफी जीती। उनका कुल स्कोर 11 अंडर रहा।

### आयरिश गोल्फ में 42वें स्थान पर रहे शुभंकर

एजेंसी । डबलिन

भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा आखिरी नौ होल में खराब प्रदर्शन के कारण आयरिश ओपन गोल्फ में एक ओवर 72 का कार्ड खेल कर संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। शुरुआती दो दिनों के खेल के बाद शीर्ष 15 में रहे शुभंकर ने कुल चार ओवर 288 का स्कोर बनाया। उन्होंने चौथे दौर में 12वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और तीन बोगी कीं। रासमस होजगार्ड ने इस बीच आखिरी पांच होल में चार बर्डी के साथ जीत के दावेदार स्थानीय खिलाड़ी रॉरी मैक्लरॉय को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया।

### गुकेश शायद जीत का दावेदार, मेरे खेल में गिरावट आई : लिरेन

एजेंसी । बुडापेस्ट

गत चैंपियन डिंग लिरेन का मानना है कि नवंबर में होने वाले विश्व शतरंज के खिताब के लिए उनके भारतीय चैलेंजर डी गुकेश जीत के दावेदार है। चीन के लिरेन ने माना कि पिछले एक साल में उनके खेल में काफी गिरावट आई है। लिरेन और गुकेश फिलहाल 45वें शतरंज ओलंपियाड में खेल रहे हैं। गुकेश, आर प्रज्ञाननंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी की चौकड़ी से सजी भारतीय टीम चीन और मेजबान हंगरी के साथ शीर्ष स्थान पर है। लिरेन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) से कहा, मैं गुकेश को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैंपियनशिप में शायद मुझसे ज्यादा जीत का दावेदार है।

# वेलालागे और हर्षिता चुने गए महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी । दुबई





श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को सोमवार को अगस्त 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वेलालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया जबकि हर्षिता ने आयरलैंड दौरे पर प्रभावित किया। इससे पहले सिर्फ एक बार एक ही देश के पुरुष और महिला खिलाड़ियों को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है। इस साल जून में भारत के जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

## दो को पछाड़ा

वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जायडन सील्स को पछाड़ यह पुरस्कार जीता। वेलालागे को भारत के खिलाफ श्रीलंका के 2-0 से सीरीज जीतने के दौरान श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बाएं हाथ के इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने नाबाद 67, 39 और दो रन की पारियां खेलने के अलावा कुल सात विकेट भी लिए थे।

## हर्षिता का शानदार प्रदर्शन

महिला पुरस्कार की दौड़ में हर्षिता ने ओर्ला प्रेंडरगास्ट और गैबी लुईस की आयरलैंड की जोड़ी को पछाड़ा। आयरलैंड दौरे पर हर्षिता वनडे अंतरराष्ट्रीय में शतक जड़ने वाली श्रीलंका की तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। बाएं हाथ की 26 वर्षीय हर्षिता ने दो टी-20 में कुल 151 रन बनाए। उन्होंने बेलफास्ट में तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 172 रन बनाए जिसमें दूसरे मैच में 105 रन की पारी भी शामिल है। हर्षिता आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनने वाली श्रीलंका की सिर्फ दूसरी क्रिकेटर हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू इस साल मई और जुलाई में दो बार यह खिताब जीत चुकी हैं।

# खिलाड़ी मानसिक मजबूती पर काम कर रहे : हरमनप्रीत

एजेंसी । मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारतीय खिलाड़ी लंबे समय से मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रही हैं जिससे उन्हें अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में मदद मिलेगी। भारत 2020 में विश्व कप में उपविजेता रहा था। वह छह बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप ए में है।

## आखिरी ओवर महत्वपूर्ण



हरमनप्रीत ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के दौरान आखिरी तीन-चार ओवर बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। टी-20 कोई छोटा प्रारूप नहीं है क्योंकि आखिरकार आप इसमें 40 ओवर खेलते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, मैच के आखिरी ओवरों में मानसिक रूप से मजबूत टीम बाजी मारती है। हम कुछ समय से इस पर ध्यान दे रहे हैं। अगर हम आखिरी ओवर में मानसिक रूप से मजबूत बने रहते हैं तो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।

## फाइनल में लचर प्रदर्शन

भारतीय टीम के फाइनल में लचर प्रदर्शन पर चर्चा होती रही है। वह 2020 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 85 रन से हारी जबकि वनडे विश्व कप 2017 के फाइनल में वह इंग्लैंड से नौ रन से हार गई थी। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हरा स्वर्ण पदक जीता था। हरमनप्रीत ने कहा, हम इन पहलुओं पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में हम इन बाधाओं को पार करने में सफल रहेंगे। भारत विश्व कप में 4 अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। फिर 6 अक्तूबर को पाकिस्तान और 9 को श्रीलंका से भिड़ेगा। तीनों मैच दुबई में खेले जाएंगे। भारत ग्रुप चरण में अपना आखिरी मैच 13 अक्तूबर को शारजाह

# 'धूम 4' में खलनायक बन धमाल मचाएंगे सूर्या




अभिषेक बच्चन की फिल्म 'धूम' को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह फिल्म 27 अगस्त, 2004 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसकी सफलता के बाद साल 2006 में इसका सीक्वल आया था और यह भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। 2013 में इस फिल्म का तीसरा भाग आया था, जिसके बाद से दर्शक 'धूम' की चौथी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। अब खबर है कि 'धूम 4' की स्टारकास्ट में अभिनेता सूर्या शामिल हो गए हैं।

## निर्माताओं ने किया संपर्क

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या फिल्म 'धूम 4' में नजर आ सकते हैं। वह फिल्म खलनायक की भूमिका निभाने वाले हैं। सूर्या फिल्म में अभिषेक से भिड़ते हुए नजर आएंगे। फिल्म में विलेन की भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने सूर्या से संपर्क किया है और खबर है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है। फिल्म के लिए उन्होंने हामी भी भर दी है। इस खबर की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।

## 'धूम' में नजर आए थे जॉन अब्राहम

'धूम' और 'धूम 2' का निर्देशन संजय गढ़वी ने किया था, वहीं तीसरे निर्देशन की कमान विजय कृष्ण आचार्य ने संभाली थी। 'धूम' में जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा, ईशा देओल और रिमी सेन जैसे सितारे नजर आए थे। इसके दूसरे भाग में अभिषेक और उदय के साथ ऋतिक रोशन, ऐश्वर्या राय और बिपाशा बसु ने अभिनय किया था। 'धूम 3' में अभिषेक और उदय के साथ आमिर खान, जैकी श्रॉफ और कैटरीना कैफ ने अपनी अदाकारी की तड़का लगया था।



# 4 अक्टूबर को हो रही है 'शाहकोट' रिलीज

गुरु रंधावा संगीत की दुनिया में एक लोकप्रिय नाम हैं। गायक और म्यूजिक कंपोजर के रूप में उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। गायिकी में अपनी छाप छोड़ने के बाद रंधावा ने फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' (2024) के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा।




पिछले लंबे समय से रंधावा अपनी पहली पंजाबी फिल्म 'शाहकोट' को लेकर चर्चा में हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।

## 4 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगी फिल्म

'शाहकोट' में रंधावा की जोड़ी ईशा तलवार के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। गुरशबाद, हरदीप गिल, सीमा कौशल, नेहा दयाल और मनप्रीत जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इसके अलावा राज बब्बर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे। 'शाहकोट' गुरु की पहली पंजाबी फिल्म है। फिल्म के निर्देशन की कमान राजीव ढींगरा ने संभाली है। यह फिल्म 4 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# अभिनय से ब्रेक लेंगी दीपिका



दीपिका पादुकोण शादी के 6 साल बाद मां बन गई हैं। अभिनेत्री ने 8 सितंबर, 2024 को मुंबई के HN रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में एक बेटी को जन्म दिया है। दीपिका को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वह अपने पति-अभिनेता रणवीर सिंह और अपनी बेटी के साथ घर लौट आई हैं। अब खबर आ रही है कि मां बनते ही दीपिका ने कई बड़े फैसले लिए हैं। वह अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के नक्शेकदम पर चलने को तैयार हैं।

## नैनी नहीं रखेंगी दीपिका

बॉलीवुड लाइफ के मुताबिक, दीपिका अपनी लालडी के लिए नैनी नहीं रखेंगी और इस मामले में वह ऐश्वर्या राय और अनुष्का की राह पर चलेंगी। कहा जा रहा है कि वह खुद अपनी बेटी का पालन-पोषण करेंगी। दीपिका मां बनने के बाद कुछ समय के लिए अभिनय से ब्रेक लेंगी। दीपिका अपनी बेटी को मीडिया से भी दूर रखेंगी। इसके लिए वो अनुष्का-विराट कोहली और आलिया भट्ट-रणबीर कपूर की तरह ही नो-फोटो पॉलिसी का पालन करती नजर आ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी के हर पल का पूरा लुत्फ उठाया है और उनके मातृत्व अवकाश की बात करें तो वह अगले साल मार्च तक ब्रेक पर रहेंगी।

# ऐश्वर्या राय को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार



अभिनेत्री ऐश्वर्या राय इस वक्त अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ दुबई में हैं। हाल ही में वह साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉड्र्स (SIIMA 2024) के कार्यक्रम में पहुंचीं, जहां उन्हें 'पोन्नियिन सेलवन 2' के लिए मुख्य किरदार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलोचक) का पुरस्कार जीता। इस फिल्म में उन्होंने दोहरी भूमिका (नंदिनी और मंदाकिनी देवी) अदा की है। इस दौरान उनकी बेटी आराध्या भी समारोह में मौजूद थीं। अब ऐश्वर्या और आराध्या का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

ऐश्वर्या ने पुरस्कार जीतने के बाद साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉड्र्स को धन्यवाद देते हुए भाषण भी दिया। उन्होंने कहा, ₹बहुत-बहुत धन्यवाद। ये मेरे लिए काफी मायने रखता है, क्योंकि ये फिल्म मेरे दिल के बहुत नजदीक थी।₹ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जब ऐश्वर्या पुरस्कार प्राप्त करने के बाद मंच से उतरीं तो आराध्या ने उन्हें गले लगाया और शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान आराध्या काफी खुश नजर आईं।

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने रचाई शादी



अभिनेत्री अदिति राव हैदरी पिछले लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। वह दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सिद्धार्थ को डेट कर रही हैं। दोनों ने मार्च, 2024 में अपनी सगाई की तस्वीर साझा कर अपना रिश्ता सार्वजनिक किया था, वहीं अब अदिति और सिद्धार्थ ने शादी की तस्वीरें साझा कर प्रशंसकों को चौंका दिया है। अदिति और सिद्धार्थ शादी के बंधन में बंध गए हैं। वह हमेशा के लिए एक-दूजे के हो गए हैं।

## अदिति ने लिखा खूबसूरत नोट

अदिति और सिद्धार्थ ने आज यानी 16 सितंबर को तेलंगाना के वानापर्थी जिले के श्रीरंगपुर में श्री रंगनायकस्वामी मंदिर में सात फेरे लिए। समारोह में उनके परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। अदिति ने तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरे सूर्य हो, मेरे चांद हो और मेरे सभी सितारे हो... अनंत काल तक सोलमेट बने रहना। तुम्हें खूब प्यार।

न्यूज़ ब्रीफ

## मोदी सरकार जल्द शुरू करा सकती है जनगणना

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को 2014 और 2019 के मुकाबले काफी कम सीटें मिली हैं और पार्टी बहुमत से दूर रह गई है। हालांकि, टॉप सूत्रों की मानें तो कम सीटों के बावजूद भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उस एजेंडे पर काम करना जारी रखेगी जिसका वादा 2014 में किया गया था। अब खबर आई है कि मोदी सरकार जल्द ही पूरे देश में जनगणना शुरू करवा सकती है। इसके साथ ही पार्टी के टॉप सूत्रों की ओर से वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। मोदी सरकार ने अपने घोषणापत्र के बड़े मुद्दों अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करना और नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करना जैसे वादे पूरे कर दिए हैं। वहीं, एक राष्ट्र-एक चुनाव का वादा भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में एक और बड़ा वादा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने भाषण में विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराने की वकालत की थी।

## कांग्रेस शासित राज्यों में कोई आर्थिक संकट नहीं: चिदंबरम

**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि देश के जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां किसी प्रकार का वित्तीय संकट नहीं है। चिदंबरम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुरुक्षेत्र की रैली में दिए बयानों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को नकारते हुए कहा कि मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। साथ ही आंकड़ों के साथ हरियाणा में बेरोजगारी, कर्ज और किसानों के मुद्दों पर चिदंबरम ने भाजपा को घेरा है। चिदंबरम ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह संभव नहीं है। इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधन करने होंगे। इन संवैधानिक संशोधनों के लिए भाजपा के पास न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा में पर्याप्त संख्या है। आईएनडीआईए गठबंधन पूरी तरह से एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध करता है। मोदी ने कुरुक्षेत्र रैली में आरोप लगाया था कि 'शाही परिवार' की मंशा दलितों के आरक्षण खत्म करने की है। इन आरोपों को नकारते हुए चिदंबरम ने पलटकर सवाल दागा कि हमें आरक्षण क्यों खत्म करना चाहिए।

## 8वें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 8वें भारत जल सप्ताह (आईडब्ल्यूडब्ल्यू) का उद्घाटन करेंगी। जल शक्ति सचिव देबाश्री मुखर्जी ने सोमवार को कर्टन रेज़र प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि 8वां भारत जल सप्ताह 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसका विषय 'समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए साझेदारी और सहयोग' है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी के अलावा विभिन्न देशों के जल संसाधन क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित प्रतिष्ठित प्रतिनिधि, केन्द्र और राज्य सरकारों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्वान संकाय, गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# अपने जन्मदिन पर महिलाओं को तोहफा देंगे पीएम मोदी



- ओडिशा सरकार की 'सुभद्रा योजना' का करेंगे शुभारंभ
- पीएम कई अन्य सामाजिक कल्याण परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

एजेंसी । भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपने 74वें जन्मदिन पर ओडिशा सरकार की 'सुभद्रा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा पीएम कई अन्य सामाजिक कल्याण परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य भर में करीब एक करोड़ महिलाओं को सुभद्रा योजना के तहत कवर किया जाएगा। इसके तहत 21 से 60 वर्ष की आयु की प्रत्येक महिला को पांच साल तक दो किस्तों में सालाना 10,000 रुपए नकद ट्रांसफर किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों के अनुसार, राज्य की करीब एक लाख महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होंगी, जहां प्रधानमंत्री महिला लाभार्थियों को आर्थिक सहायता की पहली किस्त वितरित करेंगे।

### क्या है सुभद्रा योजना?

राज्य की भाजपा सरकार ने इस योजना का नाम भगवान जगन्नाथ की छोटी बहन सुभद्रा के नाम पर रखा है। भगवान जगन्नाथ राज्य के हिन्दुओं के आराध्य देव हैं। 2028-29 तक यानी पांच वर्षों में इस योजना के जरिए राज्य की करीब एक करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 10,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह पैसा हर साल रक्षा बंधन और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा किया जायेगा। ओडिशा की उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने बताया है कि राज्य में सुभद्रा योजना के लिए अपना नाम पंजीकृत करा चुकीं 50 लाख से अधिक महिलाओं को 17 सितंबर को 5000 रुपए की पहली किस्त मिलेगी। परिदा ने कहा कि जिन महिलाओं ने 15 सितंबर तक योजना के लिए अपना पंजीकरण करा लिया है, उन्हें 17 सितंबर को उनके बैंक खातों के माध्यम से पहली किस्त मिल जायेगी। योजना के तहत पात्र महिलाओं को पांच साल की अवधि के लिए हर साल दो किस्तों में 5000 रुपए मिलेंगे। राज्य सरकार ने 2024-25 के वार्षिक बजट में इस योजना के लिए पहले ही 10,000 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया है।

### सुभद्रा योजना का था चुनावी वादा

लोकसभा और विधान सभा चुनावों के दौरान सुभद्रा योजना भाजपा का एक प्रमुख वादा था। माना जा रहा है कि राज्य में पिछले 24 साल के बीजू जनता दल के शासन का अंत कराने में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना की वजह से ओडिशा की महिलाएं भाजपा की तरफ आकर्षित हुईं। इससे पहले नवीन पटनायक सरकार की 24 साल की पारी के पीछे भी 6 लाख महिला स्वयं सहायता समूह रहा है, जिससे करीब 70 लाख महिलाएं जुड़ी हुई थीं। साल 2001 में पटनायक ने मिशन शक्ति के जरिए कर्ज देकर महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने की मुहिम शुरू की थी। इसकी वजह से महिलाएं बीजद की सशक्त वोट बैंक बन गई थीं। नवीन पटनायक की इस योजना की काट और चुनावी बढ़त हासिल करने के लिए भाजपा ने सीधे महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुभद्रा योजना की पेशकश की थी, जिसके तहत हरेक महिला को 50,000 रुपए नकद का वाउचर देने का वादा किया गया था। ये पांच सालों में दो-दो किस्तों में दिया जाना है। 12 जून को राज्य में मोहन चरण मांझी के नेतृत्व में पहली भाजपा सरकार बनने पर इस योजना को पहली कैबिनेट बैठक में ही मंजूरी दे दी गई थी।

## कम नहीं हो रही ममता की मुश्किलें!

एजेंसी । नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों के जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा।



कोलकाता कांड पर CJI करेंगे सुनवाई
पोस्टमार्टम पर सरकार से मांगी थी रिपोर्ट

### 23 मरीजों की मौत

यह सुनवाई इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 10 सितंबर को शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया था, ताकि राज्य सरकार द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। सुनवाई के दौरान सरकार ने दावा किया था कि काम से अनुपस्थित रहने के कारण 9 सितंबर तक 23 मरीजों की मौत हो गई।

**डॉक्टरों के साथ मीटिंग :** इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को गतिरोध को समाप्त करने के लिए प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को पांचवीं और अंतिम बार बातचीत के लिए आमंत्रित किया। वहीं इससे पहले प्रस्तावित बैठक की लाइव-स्ट्रीमिंग पर असहमति के कारण सरकार और उनके बीच बातचीत विफल हो गई थी। प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को भेजे गए ईमेल में राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने उनसे सोमवार को शाम पांच बजे बातचीत के लिए कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर पहुंचने को कहा है।

### डॉक्टरों को आश्वासन

14 सितंबर को सीएम ममता बनर्जी ने प्रदर्शन स्थल का दौरा किया था। सीएम ममता ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से शांति बनाए रखने की अपील की और उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया। हालांकि, उन्होंने डॉक्टरों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगें पूरी की जाएंगी, लेकिन बातचीत अभी तक नहीं हो पाई है।

## आज सीएम पद से इस्तीफा देंगे केजरीवाल

आज शाम 4:30 बजे LG से मिलेंगे, विधायक दल की भी बैठक

- PAC की मीटिंग में नए सीएम पर चर्चा

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे मिलने का समय दिया है। इसी समय केजरीवाल सीएम पद से इस्तीफा देंगे और नया नाम सौंपेंगे। इससे पहले दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं में अगले मुख्यमंत्री को लेकर चर्चा हुई। आप की राजनीतिक मामलों की कमेटी (PAC) की बैठक भी शाम को हुई। इसमें नए मुख्यमंत्री समेत पार्टी की आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।



### आज PAC की बैठक का दूसरा दौर होगा

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा- पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक बुलाई थी। इसमें सभी सीनियर नेता और सरकार के कैबिनेट मंत्री शामिल थे। केजरीवाल ने नए सीएम को लेकर वन-टु-वन चर्चा की। आज PAC की बैठक का दूसरा दौर होगा, जिसमें विधायकों से चर्चा होगी।

### 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का

13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद चर्चा है कि आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री बन सकता है।

### केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आगे क्या...

**मुख्यमंत्री कौन होगा? :** केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है।

**केजरीवाल क्या करेंगे :** 5 अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। राज्य में कांग्रेस से AAP का गठबंधन नहीं हुआ है। इसके बाद यहां सभी 90 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं। केजरीवाल का पूरा फोकस अब हरियाणा में चुनाव प्रचार पर होगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी केजरीवाल प्रचार कर सकते हैं

## ईद मिलाद-उन-नबी पर मंगलुरु में तनाव



**मंगलुरु।** ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर कर्नाटक के मंगलुरु में तनाव की स्थिति देखने को मिली। एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गए और हिंसक प्रदर्शन करने लगे।

### पुलिस से हुई भिड़ंत

जानकारी के मुताबिक, हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं की पुलिस से भी भिड़ंत हो गई और उन्होंने बैरिकेड तक तोड़ दिए। दक्षिण कन्नड़ के एसपी यतीश एन ने कहा कि ईद-ए-मिलाद त्योहार की पूर्व संध्या पर, हमने जिले के आसपास पर्याप्त व्यवस्था की है।

### बंटवाल शहर में विरोध प्रदर्शन

पुलिस अधिकारी ने कहा कि बीसी रोड पर बंटवाल शहर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया था, जिसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि बंटवाल या जिले में कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के बीच कुछ समस्या चल रही है और मैं यह नहीं बता सकता कि समस्या क्या है। हम बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सब कुछ शांतिपूर्ण रहे और जो हिंसा करेगा उस पर कार्रवाई होगी।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

एजेंसी । भुज

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन मौजूद रहे। मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि पिछले 10 साल से कश्मीर के जो हालात हैं, उससे कश्मीर का दिल जख्मों से भर गया है। लेकिन अब उन जख्मों पर मरहम लगाने का वक्त आ गया है। जम्मू-कश्मीर में एक लंबी रात खत्म होने वाली है और सुबह होने को है। यहां पिछले 10 साल से दिल्ली की एक ऐसी हुकूमत चल रही है, जिसमें लोगों की आवाज नहीं सुनी जा रही। यही ध्यान में रखते हुए 22 जिलों में हमारी टीम गई, लोगों से बात की और उसी के तहत हमारा मेनिफेस्टो तैयार किया गया। ये मेनिफेस्टो सिर्फ एक कागज का पुलिंदा नहीं है। ये हमारी गारंटी है। ये हक की बात है, जिसे हम पूरा कर के देंगे।




### जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस की गारंटी

**स्टेटहुड का हक**
- जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड दिलाएंगे

**महिला सम्मान, हमारा हक**
- घर की मुखिया को हर महीने 3000
- स्वयं सहायता समूहों के लिए 5 लाख तक का ब्याज मुक्त कर्ज

**अच्छी सेहत, हमारा हक**
- हर परिवार को 25 लाख तक का हेल्थ बीमा
- 30 मिनट में सस्ती हेल्थ सर्विस
- हर तहसील में एम्बुलेंस से लैस मोबाइल क्लीनिक
- हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

**कश्मीरी पंडितों का हक**
- कश्मीरी पंडितों के रिहैबिलिटेशन के लिए डॉ. मनमोहन सिंह की योजना पूरी तरह लागू होगी

**ओबीसी का हक**
- संविधान के तहत पिछड़े वर्ग को पूरा हक

**हमारी नौकरी, हमारा हक**
- 1 लाख खाली नौकरियां भरेंगे

**हमारा अनाज, हमारा हक**
- परिवार के हर सदस्य को 11 किलो राशन

## सौर ऊर्जा से जगमगाएगी भगवान राम की अयोध्या

- चौक-चौराहों और स्ट्रील लाइट सोलर से जगमगाएंगे
- 17 अन्य शहरों को भी बनाया जाएगा सोलर सिटी

एजेंसी । अहमदाबाद



गुजरात के गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इन्वेस्ट) में अहमदाबाद में 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या को सोलर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान राम सूर्यवंशी थे। अब अयोध्या के हर घर, दफ्तर और सेवाओं का संचालन सोलर से होगा।

### सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अयोध्या बनेगा मॉडल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सूर्यवंशी भगवान राम की पूरी अयोध्या नगरी को मॉडल सौर शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। काम लगभग पूरा हो चुका है। हमारा प्रयास है कि अयोध्या का हर घर, हर कार्यालय और हर सेवा सौर ऊर्जा से संचालित हो। अयोध्या में बड़ी संख्या में घरों और सेवाओं को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है। इसके अलावा अयोध्या में सोलर बोर्ड, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर चौराहे, सोलर वाटर एटीएम और सोलर इमारतों को देखा जा सकता है। हमने भारत में ऐसे 17 शहरों की पहचान की है। जिन्हें सोलर एनर्जी शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।

**खुलासा** एनजीटी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को भरने का दिया आदेश

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में लगभग 50 फीसदी अधिकारियों के पद खाली

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के महानगरों से लेकर छोटे शहरों में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसे नियंत्रण करने वाले राज्यों के बोर्ड और समिति में अधिकारियों और कर्मचारियों की भारी कमी है। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और समितियों में वर्षों से लगभग आधे पद खाली हैं। इतना ही नहीं, खाली पदों को भरने में धन की कमी और कुछ पदों को भरने के लिए राज्यों को योग्य व्यक्ति ही नहीं मिल रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा पेश एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है।



### 11 हजार 562 स्वीकृत पद, 5 हजार 671 पद यानी खाली

जस्टिस प्रमुख जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल की पीठ के समक्ष सीपीसीबी ने यह रिपोर्ट पेश किया है। सीपीसीबी ने एनजीटी को बताया है कि बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली सहित देश के 36 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/ समितियों में कुल 11 हजार 562 स्वीकृत पद है और इनमें से 5 हजार 671 पद यानी लगभग 50 फीसदी खाली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये पद 1 लेकर 423 माह यानी 35 साल से भी अधिक समय से खाली है। सीपीसीबी ने एनजीटी को बताया है कि राज्यों ने इन पदों को 6 माह से लेकर 60 माह यानी अगले पांच सालों में भरने की योजना बनाई है।

### एनजीटी ने कड़ी नारजगी जाहिर की

एनजीटी ने बढ़ते प्रदूषण के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कभी पर कड़ी नारजगी जाहिर की। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर संज्ञान लिया है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को 30 अप्रैल, 2025 तक सभी खाली पदों को भरने का आदेश दिया है। एनजीटी ने इस मामले की सुनवाई जनवरी में तय करते हुए सभी राज्यों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और समितियों में खाली पदों को भरने के उठाए गए कदमों की प्रगति के बारे में रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

### कहां कितने पद खाली

**उत्तर प्रदेश:** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल स्वीकृत क्षमता 732 में से 339 पद 6 माह से लेकर 348 माह यानी (29) सालों से खाली है।

**बिहार:** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल स्वीकृत क्षमता 127 में से 30 पद 2 माह से लेकर 227 माह से खाली है।

**झारखंड:** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल स्वीकृत क्षमता 271 में से 198 पद खाली।

**दिल्ली:** प्रदूषण नियंत्रण समिति में कुल स्वीकृत क्षमता 344 में से 152 पद एक माह से लेकर 108 माह से खाली है।

**उत्तराखंड:** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल स्वीकृत क्षमता 130 में से 79 पद खाली। कितने समय से खाली नहीं बताया।

**हरियाणा:** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल स्वीकृत क्षमता 450 में से 272 पद 2 माह से लेकर 243 माह से खाली है।

**पंजाब:** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कुल स्वीकृत क्षमता 652 में से 309 पद 1 माह से लेकर 423 माह यानी 35 सालों से खाली है।

## कश्मीर में आतंक को पाताल में दफन करेंगे : अमित शाह



एजेंसी । श्रीनगर

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने पाड्डर नागसेनी, किश्तवाड़ और रामबन में जनसभा की। 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर में पहले फेज की वोटिंग होनी है। इसके चलते सोमवार को यहां चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था। अपनी तीन जनसभा में शाह ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और दूसरी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए विकास और केंद्र सरकार की योजनाओं का यहां के लोगों को मिले लाभ गिनाए।

### 'कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन में आतंकवादी पोषित'

शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन में आतंकवादी पोषित हुआ। ये पार्टियां धारा 370 वापस लाना चाहती हैं। लेकिन बीजेपी के रहते हुए ऐसा कभी नहीं होगा। मैं हैरान हूं कि सत्ता का लालच क्या-क्या कर सकता है। शाह ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने इस अब्दुल्ला परिवार को देशद्रोही कहा, आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया और उमर अब्दुल्ला के दादा को सालों तक जेल में रखा। आज मोदी जी के सामने जीतने के लिए राहुल और उमर अब्दुल्ला ILU-ILU कर रहे हैं।' ये पार्टियां पाकिस्तान से बात करने का बोलती हैं। लेकिन जब तक आतंकवादी समाप्त नहीं होता, तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बात नहीं होगी। ये लोग LOC से ट्रेड शुरू करना चाहते हैं, जिसकी वजह से घाटी में आतंकवाद पनपा है।